# BOHRA INDUSTRIES LIMITED

**CIN: L24117RJ1996PLC012912**
Registered Office: 301, Anand Plaza, University Road, Udaipur, Rajasthan 313001
Email id: bil@bohraindustries.com, Phone: +91-294-2429513; Fax: +91-294-2429515
Website: http://www.bohraindustries.com/

Date: 15.02.2023

To
The Manager
**Listing Department**
National Stock Exchange of India Ltd Mumbai
Exchange Plaza, 5th Floor,
Plot No. C/1, G Block, Bandra-Kurla
Complex, Bandra (E), Mumbai

Dear Sir/Madam

**Ref: Scrip ID: BOHRAIND, Bohra Industries Limited**

**Sub: : Regulation 30 and 47 of the SEBI (LODR) Regulation 2015; Submission of Copy of Notice of unaudited Financial Results published in the Newspapers.**

Pursuant to Regulation 30 and 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we hereby enclosed Publication of Newspapers “Financial Express” (English) and “Business Remedies” (Hindi) with regards to Unaudited Financial Result for the Quarter and nine months ended 31st December, 2022.

You are requested to kindly take the above information on record.

Thanking You

Yours sincerely,

**For Bohra Industries Limited**

KRISHNA AGARWAL
Digitally signed by KRISHNA AGARWAL
Date: 2023.02.15 12:37:55 +05'30'

Krishna Agrawal
(Managing Director)

मृत्यु एक शास्त्र है तो जीवन एक संगीत है, जीवन संगीत में मधुरता भरलो सर्वत्र पूजे जाओगेः महास्थविर शांति मुनि

# बिज़नेस रेमेडीज

वर्ष : 10 | अंक : 65 भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

व्यापार एवं विकास की आवाज

मूल्य : 5 रुपए | पेज : 8 www.businessremedies.com दैनिक

जयपुर | बुधवार 15 फरवरी, 2023



Bhagwati

Leaders in Innovation


We Cordially Invite you
to Visit us
at Exhibition

STONA 2023
15th INTERNATIONAL GRANITES & STONE FAIR
15-18, February, 2023
Bengaluru, India

YOUR NAVIGATOR TO THE WORLD OF STONE TRADE

Hall No. 3
Stall No. 48,49,55,56,
63,64

#DUAL RPM MULTICUTTER



BIEC® Bangalore International Exhibition Centre

#HIGH PRODUCTIVE LINE POLISHING MACHINE



BUSINESS

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व जज सिंगर केपी सक्सैना का गाया भजन देश-दुनिया में हो रहा लोकप्रिय



**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जयपुर के मशहूर गायक व पूर्व जज केपी सक्सैना की पुरकशिश आवाज में टी सीरीज (मुम्बई) ने शिव भजन सिंगल ऑडियो एलबम शिवशंकर का गुणगान करें.., रिलीज किया। उल्लेखनीय है कि भगवान शिवजी की महिमा का गुणगान करते इस शिव भजन को मशहूर संगीत निर्देशक विक्रांत माथुर ने संगीतबद्ध किया है जो बेहद कर्णप्रिय है। सिंगर केपी सक्सैना की आवाज में पिरोया यह शिव भजन देश.दुनिया में खासा लोकप्रिय हो रहा है। इसे खुद केपी सक्सैना ने लिखा भी है। यह भजन देश-विदेश में काफी लोकप्रियता हासिल कर रहा है। सिंगर सक्सेना पेशे से जिला एवं सेशन न्यायाधीश रह चुके हैं। बचपन से ही संगीत से लगाव रखने वाले सिंगर सक्सैना क्लासिकल संगीत में निष्णात फनकार है।

### रोटरी क्लब युवा ने करियर गाइडेन्स पर चर्चा की आयोजित

**बिजनेस रेमेडीज़/उदयपुर।** रोटरी क्लब युवा ने देबारी स्थित संस्कृत विद्यालय में हैप्पी स्कूल प्रोजेक्ट के तहत बच्चों के लिये करियर गाइडेन्स व व्यावहारिक ज्ञान पर चर्चा आयोजित की गई। क्लब की अध्यक्ष ममता धुपिया ने बताया कि इन बच्चों में से कुछ की विशेष कौशल क्षमता पहचान कर उनके द्वारा उन क्षमताओं का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के 6 वर्ष के बच्चों द्वारा संस्कृत में धारा प्रवाह गीता के अनेक श्लोकों का उच्चारण किया गया। इस अवसर पर क्लब की ओर से ममता धुपिया व उपाध्यक्ष संगीता शर्मा द्वारा 45 बच्चों को स्टेशनरी वितरीत की गई।

### पशुपालन के लिए बेहतर अवसरों से संपन्न राज्य की संकल्पना को साकार करने वाला बजट : लालचंद कटारिया

बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर। राजस्थान कृषि एवं पशुपालन प्रधान राज्य है। यहाँ पशुपालन व्यवसाय की अपार संभावनाओं को तराशने के कार्य राज्य सरकार द्वारा निरंतर किया जा रहे हैं। राज्य सरकार नित नए नवाचारों को प्रोत्साहित कर रही है। पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया ने राज्य बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य के पशुपालकों की उम्मीदों को साकार करते हुए बजट में पशुपालन एवं पशु पालकों के हितों के लिए विशेष योजनाओं एवं प्रावधानों को महत्वपूर्ण स्थान दिया है। उन्होंने कहा कि 'मुख्यमंत्री निःशुल्क आरोग्य योजना' के अंतर्गत अब तक 138 प्रकार की दवाईयां उपलब्ध करवाई जा रही है, साथ ही आने वाले समय में समस्त प्रकार की जांच एवं एफएमडी, ब्रूसेला जैसे टीकाकरण भी निःशुल्क किये जाऐंगे तथा पशुओं के सम्बन्ध में लिए जाने वाला रजिस्ट्रेशन शुल्क भी समाप्त किया जायेगा। जिससे पशुपालक पशुओं का समय पर बेहतर इलाज करवा पायेंगे। उन्होंने कहा कि यह योजना ऐसे पशुपालकों के लिए वरदान साबित होगी जो धन के अभाव में पशुओं का समय पर इलाज नहीं करवा पाते थे।

कटारिया ने कहा कि राज्य में पशुपालकों को लम्पी रोग के प्रकोप का सामना करना पड़ा, जिसमें हजारों की संख्या में गोवंश की मृत्यु से सम्पूर्ण राज्य आहत हुआ। ऐसे दूधारू गोवंश जिनकी मृत्यु लम्पी रोग से हुई है, उन पशुपलकों को आर्थिक एवं मानसिक सम्बल प्रदान करने के लिए प्रति गाय 40 हजार रुपए की आर्थिक सहायता की बजट घोषणा से अब पशुपालकों को सामाजिक एवं आर्थिक बल मिलेगा जिससे वे फिर से गोवंश पालन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य बेहतरीन पशुपालन की संभावनाओं से भरपूर है, ऐसे में राज्य में युवा वर्ग भी पशुपालन व्यवसाय को रोजगार एवं स्टार्टअप के रूप में अपना रहे है। रोजगार के बेहतर संसाधन विकसित करने एवं पशुपालकों को उनके द्वार पर पशुचिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने की दृष्टि से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा 'पशु मित्र योजना' की घोषणा की गई है। घोषणा के तहत पांच हजार युवा पशुधन सहायकों/पशु चिकित्सकों को मानदेय पर रखा जायेगा, जिससे पशुपालन में रोजगार एवं पशु चिकित्सा सुविधायें सुदृढ़ हो सकेंगी।

# न्यूक्लियर विद्युत के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जयपुर में बनेगा 'हॉल ऑफ न्यूक्लियर'

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग राजस्थान और न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के मध्य एमओयू

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र एवं विज्ञान उद्यान, जयपुर में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग राजस्थान और न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के बीच वातानुकूलित 'हॉल ऑफ न्यूक्लियर पावर' की स्थापना के लिए एमओयू हुआ। इस मौके पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जाहिदा खान की उपस्थिति रही।




विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री ने बताया कि नागरिकों में न्यूक्लियर विद्युत के प्रति बेहतर दृष्टिकोण विकसित करने तथा विज्ञान के प्रचार-प्रसार के लिए जयपुर के शास्त्री नगर में स्थित क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र एवं विज्ञान उद्यान में इस हॉल का निर्माण किया जाएगा। 600 वर्ग मीटर क्षेत्र में बनने वाले इस हॉल की लागत करीब 7 करोड़ रुपए होगी। हॉल के निर्माण में होने वाले व्यय में एन.पी.सी.आई.एल. की ओर से 4 करोड़ रुपए की राशि अनुदान के रूप में उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने बताया कि इस केन्द्र के निर्माण से आमजन को परमाणु ऊर्जा के विभिन्न अनुप्रयोगों एवं देश में इस क्षेत्र में किए गए अनुसंधान एवं विकास की जानकारी प्राप्त होगी। यहां निर्मित होने वाली गैलेरी में विभिन्न पैनलों, बैनरों, मॉडलों, प्लेकार्ड, कट-आउट, चल चित्रों, प्रश्नावलियों, खेलों, फिल्मों आदि के माध्यम से न्यूक्लियर पावर के बारे में समझने में मदद मिलेगी।

खान ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मंशा है की राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे बढ़े। यही कारण है कि राज्य में विज्ञान के विकास के लिए कभी भी वित्त की कमी नही रही है। राज्य सरकार द्वारा विज्ञान में नवाचारों को प्रोत्साहित करने के लिए भी विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा आमजन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

इस एमओयू पर एन.पी.सी.आई.एल. की ओर से अधिशाषी निदेशक एम. वेंकटाचलम और निगम संचार तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग संग्रहालयाध्यक्ष कैलाश मिश्रा द्वारा हस्ताक्षर किए गए।

### औद्योगिक इकाइयों के अपशिष्ट से रामगढ़ के गांवों में प्रदूषण होने की कोई अधिकृत सूचना नहीं : वन एवं पर्यावरण मंत्री

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** वन एवं पर्यावरण मंत्री हेमाराम चौधरी ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा समय-समय पर अलवर के मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र स्थित औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण कर प्रदूषण के संबंध में जांच की जाती है। उन्होंने कहा कि बीते एक वर्ष में परिसर के बाहर अपशिष्ट (उच्छिष्ट) निस्त्रवित करने के मामले में इस औद्योगिक क्षेत्र में स्थित पांच उद्योगों के खिलाफ प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने जल अधिनियम की धारा 33 ए के अन्तर्गत उद्योग बंद कराने तथा विद्युत एवं जल सम्बन्ध विच्छेद कराने के निर्देश जारी किए हैं।

वन एवं पर्यावरण मंत्री प्रश्नकाल के दौरान इस संबंध में सदस्य द्वारा पूछे गए पूरक प्रश्न का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि उद्योगों से निष्कासित प्रदूषण तत्व निर्धारित मानकों के अन्तर्गत नहीं पाए जाने पर दोषी उद्योगों के विरूद्ध जल अधिनियम-1974 के अन्तर्गत कार्यवाही की जाती है, जिसमें उद्योगों को बंद कराना तथा विद्युत एवं जल सम्बन्ध विच्छेद करना शामिल है।

इससे पहले विधायक सफिया जुबेर के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में वन एवं पर्यावरण मंत्री ने कहा कि एमआईए अलवर में स्थापित औद्योगिक इकाइयों द्वारा निस्त्रवित अपशिष्ट से रामगढ़ तहसील के गांवों में प्रदूषण फैलने की कोई अधिकृत सूचना राज्य सरकार को नहीं है। रामगढ़ तहसील में ग्राम अग्यारा के पास हनुमान मंदिर के समीप, ग्राम बगड़ मेव तथा ग्राम बगड़ राजपूत से प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा प्रत्येक 6 माह में भूजल के नमूने एकत्रित किए जाते हैं। नवीनतम नमूने 10 अक्टूबर 2022 को एकत्रित किए गए थे। इन तीनों भूजल स्रोतों के नमूने टोटल कॉलीफार्म/फीकल कॉलीफार्म के मानकों को छोड़कर बीआईएस के ड्रिंकिंग मानकों के अनुरूप हैं।

वन एवं पर्यावरण मंत्री ने कहा कि भू-जल में कॉलीफार्म की उपस्थिति सीवेज जनित प्रदूषण को दर्शाती है। यह औद्योगिक अपशिष्ट से होने वाले भू-जल प्रदूषण का संकेतक नहीं है। उन्होंने राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा भूजल के लिए गए नवीनतम नमूनों की रिपोर्ट तथा उद्योगों का विवरण सदन के पटल पर रखा।

### गुलाब प्रदर्शनी का मानसरोवर के सिटी पार्क में 26 फरवरी को होगा आयोजन

#### मुख्य सचिव की अध्यक्षता में दी रोज सोसाइटी ऑफ राजस्थान की वार्षिक बैठक

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** मुख्य सचिव उषा शर्मा की अध्यक्षता में दी रोज सोसाइटी ऑफ राजस्थान की 48वीं वार्षिक बैठक का आयोजन सचिवालय कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष गुलाब प्रदर्शनी का आयोजन 26 फरवरी को मानसरोवर स्थित सिटी पार्क में किया जाएगा ।



शर्मा ने निर्देशित किया कि इस वर्ष आयोजित होने वाली गुलाब प्रदर्शनी में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। दी रोज सोसाइटी ऑफ राजस्थान द्वारा वर्ष 2025 में स्वर्ण जयंती मनाई जाएगी इस उपलक्ष में सोसायटी की स्वर्ण जयंती को ऐतिहासिक बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया ।

रोज सोसायटी के महासचिव अनिल कुमार भार्गव ने मुख्य सचिव को सोसायटी द्वारा किये गए कार्यों तथा नवीन योजनाओं के बारे में अवगत करवाया।

बैठक में आयुक्त नगर निगम (ग्रेटर) महेंद्र सोनी, आई.सी.श्रीवास्तव (पूर्व आई.ए.एस.), डॉ विनय सुरेन, सुधांशु पांडे, राजेंद्र शर्मा सहित सोसायटी के विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### साप्ताहिक 'इंडिया आर्ट फेयर-2023' का हुआ समापन

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में 'इंडिया आर्ट फेयर-2023' का समापन हो गया। सात दिन चले विभिन्न कार्यक्रमों ने बीकानेर हाउस को कला और संस्कृति की दुनिया में एक नई पहचान देने का काम किया है।



बीकानेर हाउस इंडिया आर्ट फेयर 2023 के समानांतर स्थल भागीदार के रूप में विरासत के संरक्षण और कला-संस्कृति को बढ़ावा देने, नवोदित कलाकारों की रुचि को प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण स्थल साबित हो रहा है।

नई दिल्ली में राजस्थान की अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं मुख्य आवासीय आयुक्त शुभ्रा सिंह ने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की प्रेरणा से बीकानेर हाउस को कला, विरासत और संस्कृति के हब के रूप में विकसित किया जा रहा है, इसलिए हमने आईएएफ 2023 के साथ सहयोग किया है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि बीकानेर हाउस को कला और संस्कृति की दुनिया से जोड़ें तथा बीकानेर हाउस परिसर में आधुनिक और समकालीन कला से जुड़े हुए कार्यक्रमों के साथ-साथ राजस्थानी कला और संस्कृति के कार्यक्रम भी आयोजित होते रहे।

सिंह ने कहा कि इस इंडिया आर्ट फेयर का प्रारंभ एक 'स्कल्पचर पार्क' की स्थापना से हुआ, जिसका शुभारंभ राज्य की मुख्य सचिव उषा शर्मा ने किया। इसके साथ ही चार दिवसीय 'बीकानेर हाउस संवाद श्रृंखला' का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की प्रसिद्ध हस्तियों ने अपने अनुभवों को साझा किया।

### चंडीगढ़ की तर्ज पर हो उदयपुर का सौन्दर्यकरणः मुकेश माधवानी

**बिजनेस रेमेडीज़/उदयपुर।** उदयपुर शहर के जाने माने उद्योगपति एवं समाजसेवी मुकेश माधवानी ने कहा कि अगर हम सभी मिलकर उदयपुर शहर को चंडीगढ़ की तर्ज पर खूबसूरत बनाने का प्रयास करें तो उदयपुर शहर की सुन्दरता में चार चांद लग जाएंगे। वे बीईंग मानव द्वारा आयोजित अशोका ग्रीन में आयोजित साप्ताहिक बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि गिर्वा की पहाड़ियों में बसा हमारा उदयपुर शहर प्राकृतिक रूप से सुसम्पन्न शहर है। यहां हमें विरासत में कई ऐसे स्थल मिले हैं जो हमारे शहर की शोभा बढ़ाते हैं। स्थानीय प्रशासन एवं सरकारों ने भी उदयपुर की सौन्दर्यता को बढ़ाने के लिए विविध प्रयास किया हैं।

माधवानी ने कहा कि चंडीगढ़ शहर में हरियाली, यातायात व्यवस्था एवं सफाई के लिए विख्यात है। अगर उदयपुर में भी उसी तर्ज पर हरियाली, बेहतर यातायात व्यवस्था एवं सफाई पर काम किया जाए तो एक मिसाल बन सकती है। उन्होंने कहा कि हमें उदयपुर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना होगा। इसके लिए स्थानीय लोगों, संगठनों को भी आगे आना चाहिए।

## एनुअल ग्रैमी म्यूजिक अवॉर्ड 2023 में बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक कैटेगरी में नॉमिनेट हुए जयपुर के अभि आचार्य

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** दुनिया में संगीत के सबसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड में से एक एनुअल ग्रैमी अवॉर्ड के 65 वें एडिशन का आयोजन लॉस एंजिल्स स्थित क्रिप्टो एरीना में किया गया था। यह अवॉर्ड बेस्ट रिकॉर्डिंग्स, कम्पोजिशन्स, संगीतकारों, आर्टिस्टों को म्यूजिक फभ्ल्ड में उनके बेहतरीन योगदान के लिए दिया जाता है। इसी क्रम में इस 65 वें एनुअल ग्रैमी म्यूजिक अवॉर्ड 2023 में शहर के अभि आचार्य को नॉमिनेट किया गया था। अभि बर्कली इंडियन एन्सेम्बल का हिस्सा रहे हैं और 2022 में उनकी पहली एल्बम रिलीज़ का भी हिस्सा थे, जिसका शीर्षक 'शुरुआत' था, जिसे 2023 ग्रैमी अवाड्र्स के लिए 'बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम' कैटेगरी के तहत नॉमिनेट किया गया, जहाँ उन्होंने ट्रैक पर गिटार बजाया था। ढुआ भारत की समकालीन शास्त्रीय जोड़ी शैडो एंड लाइट की विशेषता है जिसमें गायन पर पवित्रा चारी और कीबोर्ड/प्रोडक्शन पर अनिंदो बोस शामिल हैं। एल्बम एन्सेम्बल की संगीत यात्रा के एक दशक का जश्न मनाता है और उस्ताद ज़ाकिर हुसैन, श्रेया घोषाल, शंकर महादेवन और अन्य जैसे दिग्गज भारतीय इसकी विशेषता हैं।



अभि के पास म्यूजिक मार्केटिंग, म्यूजिक लाइसेंसिंग, ए एंड आर, कंटेंट ऑपरेशंस और म्यूजिक के क्षेत्र में पेशेवर अनुभव है। अभी ने भारत में टियर-2 और टियर-3 शहरों के कलाकारों और गीतकारों को एक मंच प्रदान करने के लिए आर्टिस्टिक नामक एक लाइव म्यूजिक कॉन्सर्ट श्रृंखला की भी सह-स्थापना की है।

एक संगीतकार के रूप में अभि के काम में फिल्मों और इंडी वीडियो गेम के लिए संगीत लिखना शामिल हैए और उन्होंने बर्कली में एक सहायक ऑडियो इंजीनियर के रूप में डेढ़ साल तक काम किया हैए सैकड़ों बड़े पैमाने पर आर्केस्ट्रा फिल्म और वीडियो गेम स्कोर रिकॉर्ड किए हैंए और एल्बम और प्रोजेक्ट में सहायता की है। उन्होंने प्रतिष्ठित बर्कली प्रदर्शन केंद्रए बाबसन इंडिया संगोष्ठीए अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन और कई अन्य कार्य मों और चरणों में एक गिटारवादक और गायक के रूप में प्रदर्शन किया है। अभि वर्तमान में अपने संगीत पर काम कर रहे हैं और भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के निर्माताओं और गीतकारों के साथ सहयोग करते हैं।

## 'असलियत'

जीवन की राहें टेढ़ी-मेढ़ी होनी चाहिए, क्योंकि सीधी सपाट रोड पर आगदमी बिंदास होकर चलता है जबकि कर्व (मोड़) उसे सावधान कर देते हैं। सजग रहने वाला कहीं ठुकराया नहीं जाता, ठोकर नहीं खाता। हकीकत में जीवन की परिभाषा सतत् जागरण है। सजगता में अघटित घटित नहीं होता। वो अपने लक्ष्य की मीनार पर चढ़ जाता। प्रभू महावीर ने होश और हौंसले से परिषह और उपसर्गों के कई घाट जागरण से पार किए और मंजिल के मालिक बने। बांसुरी को देखिए सीधी थी ना, तो सीने पर जख्म झेलकर किसी के होठों से लग सकी। हीरे के कितने आड़े टेढ़े कोण हुए तब वो सुहागिन के सिर पर शोभित हो पाया। सीधी लकड़ी तो बेचारी कोने में पड़ी रहती है या कुत्ते के डराने में काम भले ही आओ। लेकिन जीवन का सीधापन इन टेढ़ी-मेढ़ी राहों को भी पार लगा देगा। इसे हमेशा याद रखना। गौतम सीधे थे गौशालक टेड़ा। आज गौतम मंगल के रूप में सम्मानित किये जाते हें गौशालक कोई अपने बच्चे का नाम भी रखना पसन्द नहीं करते।

**चिंतनशीला वसुमति जी मा.सा.**

# राजस्व लक्ष्य समय से करें हासिल : मुख्य कर आयुक्त

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** वाणिज्य कर विभाग के आयुक्त रविकुमार सुरपुर ने अधिकारियों को अधिकाधिक राजस्व संग्रहण के लिए बेहतर रणनीति के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। सुरपुर मुख्यालय के सभागार में वीसी के माध्यम से प्रदेश के सभी जोन के संभागीय उपायुक्त प्रशासन की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति पर है, अतः हमें अपने लक्ष्यों की पूर्ति के प्रति संवेदनशील और प्रतिबद्ध होना होगा। उन्होंने सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री द्वारा बजट में विभाग से संबंधित जो घोषणाएं की गई हैं उन्हें शीघ्र अति शीघ्र अमल में लाने की कार्रवाई की जाए। रविकुमार ने कहा कि एमनेस्टी योजना के तहत जो भी राहत प्रदान की गई है उसे सभी टैक्सपेयर्स तक पहुंचाना सुनिश्चित करें।



उन्होंने राजस्व लक्ष्यों के संग्रहण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की बात कही। उन्होंने सभी संभाग के प्रवर्तन दलों के कार्य की समीक्षा करते हुए लंबित जीएसटी के प्रकरणों को शीघ्र सुलझाने की बात कही। मुख्य आयुक्त ने एमनेस्टी योजना के तहत लंबित प्रकरणों पर विचार करते हुए उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त आयुक्त बीआईयू के.के. सिंह, अतिरिक्त आयुक्त कर हवाई सिंह सहित सभी संभागीय अतिरिक्त आयुक्त प्रशासन मौजूद थे।


**आवश्यकता**

बिजनेस रेमेडीज दैनिक समाचार पत्र को कोटा, अजमेर, बीकानेर, जोधपुर, पाली में खबरों एवं विज्ञापन कार्य हेतु प्रतिनिधि की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें

बिज़नेस रेमेडीज

63/118, हीरा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020

0141-3594672 , 9929106227

E-Mail: remediesbusiness@gmail.com

businessremedies@yahoo.com

# आज खुल रहा है 'वियाज टायर्स लि.' का आईपीओ

## 21 फरवरी,2023 तक आवेदन कर सकेंगे निवेशक

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** अहमदाबाद आधारित कंपनी 'वियाज टायर्स लि.' मुख्य तौर पर बाईसाईकल, टू-थ्री व्हीलर्स, पैसेंजर व्हीकल्स और इंडस्ट्रीयल व्हीकल के लिए रबड़ ट्यूब्स का निर्माण करने वाली कंपनी है। कंपनी द्वारा आंशिक या पूर्णतः ऋण अदायगी एवं कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर आईपीओ लाया जा रहा है। कंपनी द्वारा वर्तमान में बाईसाईकल, टू-थ्री व्हीलर्स, पैसेंजर व्हीकल्स और हैवी लोड इंडस्ट्रीयल व्हीकल के लिए रबड़ ट्यूब्स का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही कंपनी वाईट लैबलिंग के आधार पर एंसीलरी प्रोडक्ट्स जैसे ऑफ रोड़ टॉयर ट्यूब, एनिमल ड्रिवन व्हीकल्स ट्यूब्स, इंजन ऑयल एवं ग्रीस का निर्माण करवाकर बिक्री करती है। कंपनी रबड़ ट्यूब, साईकल टॉयर एवं एंसीलरी प्रोडक्ट्स को घरेलू बाजार एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में 'वियाज' ब्राण्डनेम से बिक्री कर रही है। कंपनी के पास अहमदाबाद के नजदिक नंदासन में प्रति माह 7,00,000 ट्यूब बनाने की स्थापित क्षमता के साथ अपनी उत्पादन सुविधा है। पूरे भारत में रबर ट्यूब के लिए कंपनी के 15 घरेलू वितरक हैं। कंपनी का वितरण नेटवर्क 19 राज्यों आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल में स्थित है। कंपनी की संयुक्त राज्य अमेरिका, तुर्की, रोमानिया, संयुक्त अरब अमीरात और कोलंबिया जैसे 5 देशों में भी उपस्थिति है। कंपनी ने हाल ही में तुर्की के लिए मैक्सएक्सिस रबर्स प्राइवेट लिमिटेड के टायरों के एक विशेष वितरण के माध्यम से टायरों का व्यापार शुरू किया है। कंपनी के पास तुर्की की क्षेत्रीय सीमाओं के लिए ब्रांड नाम मैक्सएक्सिस रबड़ प्राइवेट लिमिटेड के टायर बेचने के लिए विशेष वितरण अधिकार हैं। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में उक्त व्यवसाय का संचालन शुरू किया है। इसके अलावा कंपनी के पास रबर ट्यूब और टायरों की बिक्री के लिए 7 अंतरराष्ट्रीय वितरक हैं।




| | |
|---|---|
| IPO Date | Feb 16, 2023 to Feb 21, 2023 |
| Listing Date | [.] |
| Face Value | ₹10 per share |
| Price | ₹62 per share |
| Lot Size | 2000 Shares |
| Issue Size | 3,226,000 shares of ₹10 (aggregating up to ₹20.00 Cr) |
| Fresh Issue | 3,226,000 shares of ₹10 (aggregating up to ₹20.00 Cr) |
| Issue Type | Fixed Price Issue IPO |
| Listing At | NSE SME |
| NII (HNI) Shares Offered | 50% of the Net Issue |
| Retail Shares Offered | 50% of the Net Issue |
| Market Maker | SUNFLOWER BROKING PVT. LTD. |
| Company Promoters | Mr. Janakkumar Mahendrakumar Patel, Mr. Rajeshkumar Prabhudasbhai Patel, Mr. Parichaykumar Maganbhai Patel, Mrs. Himaben Janakkumar Patel, Mrs. Nirmaben Rajeshkumar Patel and Mrs. Kenaben Parichaykumar Patel are the promoters of the company. |

**कंपनी के आईपीओ के संबंध में जानकारीः** वियाज टायर्स लिमिटेड का आईपीओ 16 फरवरी को खुलकर 21 फरवरी,2023 को बंद होगा। कंपनी द्वारा 10 रुपए फेसवेल्यू के 3226000 शेयर 62 रुपए प्रति शेयर के भाव से जारी कर 20 करोड़ रुपये जुटाए जा रहे हैं। कंपनी के आईपीओ का मार्केट लॉट साईज 2000 शेयरों का है यानि कि निवेशकों को कंपनी का एक लॉट खरीदने के लिए 1.24 लाख रुपए निवेश करने होंगे। आईपीओ की मार्केट मैकर कंपनी सनफ्लावर ब्रोकिंग प्राईवेट लिमिटेड है और कंपनी के आईपीओ का प्रबंधन बीलाइन केपिटल एडवाइजर्स प्राईवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।

**नोटः कंपनी के आईपीओ में निवेश करने से पूर्व निवेशकों को पंजीकृत निवेश सलाहकारों की सलाह लेनी चाहिए।**

# मेदांता की परफॉर्मेंस सभी प्रमुख संकेतकों में बेहतर रही, मजबूत वृद्धि मिली

**बिजनेस रेमेडीज़/ गुरुग्राम।** भारत के उत्तर और पूर्व क्षेत्रों में काम करने वाले सबसे बड़ी निजी मल्टी/स्पेशियलिटी तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं में से एक ग्लोबल हेल्थ लिमिटेड (एनएसईः मेदांता, बीएसईः 543654) ने आज 31 दिसंबर, 2022 को समाप्त तिमाही और तीन तिमाहियों के अपने अलेखापरीक्षित समेकित वित्तीय परिणामों की घोषणा की।

31 दिसंबरए 2022 को समाप्त नौ महीनों के मुख्य बिंदू (वित्तीय वर्ष 2023 की समेकित तीन तिमाहियां)

» 20,273 मिलियन रुपए की कुल आय। 21.2% वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि।

» 4,856 मिलियन रुपए का ईबीआईटीडीए। 22.1% की वृद्धि।

» वित्त वर्ष 22 की तीन तिमाहियों के 23.8% की तुलना में ईबीआईटीडी, मार्जिन थोड़ा सुधर कर 24.0% हो गया।

» 2,250 मिलियन रुपए का कर के बाद लाभ। 26.0% वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि।

» स्थापित बिस्तर क्षमता में 167 बिस्तरों की वृद्धि हुई। लखनऊ में 65 और पटना में 102 बेड जोड़े गए।

» बिस्तर भरे रहने के दिनों में 10.7% की वृद्धि हुई। बढ़ी हुई बिस्तर क्षमता पर रोगी की व्यस्तता 59% थी।

» एआरपीओबी 8.5% बढ़कर 58,494 रुपए और एएलओएस 16.1% बढ़कर 3.2 दिन हो गया

» भर्ती मरीजों की संख्या 1 लाख से अधिकए 31.9% की वृद्धि और बाह्य रोगियों की संख्या 17 लाख से अधिक, 12.3% की वृद्धि।

» 31 दिसंबरए 2022 को समाप्त तिमाही के मुख्य बिंदू (वित्त वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही)

» 7,ए062 मिलियन रुपए की अब तक की सबसे अधिक तिमाही कुल आय। 19.0% वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि

» 1,719 मिलियन रुपए का ईबीआईटीडीए। 17.9% वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि

» ईबीआईटीडीए मार्जिन 24.3% के स्वस्थ स्तर पर।

» 806 मिलियन रुपए का कर के बाद लाभ। 15.3% वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि

» भरे हुए बेड्स के दिनों में 13.5% की वृद्धि हुई। बिस्तर की बढ़ी हुई क्षमता के कारण अंतःरोगी अधिभोग 59% रहा।

» एआरपीओबी 4.3% बढ़कर 58,367 रुपए और एएलओएस में 3.3 दिनों में सुधार हुआ।


# VIJAY SOLVEX LIMITED

Corporate Identity Number: L15142RJ1987PLC004232

Regd. Office : Bhagwati Sadan, Swami Dayanand Marg, Alwar - 301001 (Raj.)

Phone No. 0144-2332358, Fax No. 0144-2332320

website: www.vijaysolvex.com , email id: cs_lodha@dataoils.com

**EXTRACT OF STATEMENT OF UNAUDITED CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED 31ST DECEMBER, 2022**

(Rs. in Lacs)

| Sl. No. | Particulars | Quarter ended 31.12.2022 (Unaudited) | Nine Months ended 31.12.2022 (Unaudited) | Corresponding Quarter ended 31.12.2021 (Unaudited) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Revenue from operations | 56616.93 | 180940.71 | 61436.32 |
| 2 | Net Profit / (Loss ) for the period (before Tax ,Exceptional items and Share of Profit/(Loss) of Associates) | 94.16 | 1636.50 | 498.85 |
| 3 | Net Profit / (Loss ) for the period before Tax (after Exceptional items and Share of Profit/(Loss) of Associates) | 176.23 | 1859.73 | 546.76 |
| 4 | Net Profit / (Loss ) for the period after Tax, Exceptional items and Share of Profit/(Loss) of Associates | 139.84 | 1420.81 | 403.02 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after Tax) and other Comprehensive income (after Tax)] | (630.20) | (403.80) | (507.90) |
| 6 | Paid up Equity Share Capital (Face value of Rs. 10/- each) | 320.13 | 320.13 | 320.13 |
| 7 | Other Equity excluding Revaluation Reserves (As per Audited Balance Sheet as at 31st March, 2022 | | 32,108.77 | |
| 8 | Earnings Per Share (Face value of Rs. 10/- each) (not annualised) (in Rs.) a) Basic : b) Diluted : | 4.37 4.37 | 44.38 44.38 | 12.59 12.59 |

Notes:

1 Additional information on Unaudited Standalone financial results is as follows:-

(Rs. in Lacs)

| Particulars | Quarter ended 31.12.2022 (Unaudited) | Nine Months ended 31.12.2022 (Unaudited) | Corresponding Quarter ended 31-12-2021 (Unaudited) |
|---|---|---|---|
| Revenue from operations | 56616.93 | 180940.71 | 61436.32 |
| Profit Before tax | 94.16 | 1636.50 | 498.85 |
| Profit after tax | 57.77 | 1197.58 | 355.11 |

2 The Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results for the quarter and nine months ended 31st December, 2022 have been reviewed by the Audit Committee and subsequently approved by the Board of Directors of the Company at its meeting held on 14-02-2023.

3. The results have been prepared in accordance with the Companies ( Indian Accounting Standards ) Rules, 2015 (Ind AS) (as amended time to time) prescribed under section 133 of the Companies Act, 2013 and other recognised accounting practices and policies to the extent applicable.

4. The above is an extract of the detailed format of Unaudited Consolidated Financial Results for the quarter and nine months ended 31 December, 2022 filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI ( Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Standalone and Consolidated Financial Results are available on the Stock Exchange website (www.bseindia.com) and Company's website (www.vijaysolvex.com).

For & on behalf of the Board
Vijay Solvex Limited
sd/-
(VIJAY DATA)
Managing Director
DIN : 00286492

Place : ALWAR
Dated : 14/02/2023


# सेंसेक्स 600 अंक बढ़कर 61,032 के स्तर पर हुआ बंद

**बिजनेस रेमेडीज़/मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन, यानी मंगलवार (14 फरवरी 23) को तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 600 अंकों की तेजी के साथ 61]032 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में 158 अंकों की तेजी देखने को मिली। यह 17,929 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 शेयरों में तेजी और 11 शेयरों में गिरावट रही।

वहीं अडाणी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर में 1.88 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा अडाणी पोर्ट्स में 1.86 प्रतिशत और एसीसी में 0.57 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली।

वहीं अडाणी ट्रांसमिशन, विल्मर, पावर, टोटल गैस, ग्रीन एनर्जी और NDTV के शेयरों में 5-5 प्रतिशत की गिरावट रही। वहीं अंबुजा सीमेंट में 2.06 प्रतिशत की गिरावट आई है। UPL, ITC, रिलायंस, अडाणी एंटरप्राइजेज, अडाणी पोर्ट्स और बजाज फाइनेंस समेत निफ्टी-50 के 30 शेयरों में तेजी दिखने को मिली। वहीं अपोलो हॉस्पिटल, आयशर मोटर्स, SBI लाइफ, BPCL, ग्रासिमए NTPC और कोल इंडिया 20 शेयरों में गिरावट रही।

NSE के 11 सेक्टोरल इंडेक्स में से 7 में तेजी देखने को मिली। PSU बैंक सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.04 प्रतिशत की तेजी रही। FMCG सेक्टर में 1.03 प्रतिशत और मेटल सेक्टर में 1.02 प्रतिशत तेजी देखने को मिली। बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, आईटी और प्राइवेट बैंक सेक्टर में भी मामूली तेजी रही। वहीं रियल्टी, ऑटो, मीडिया और फार्मा सेक्टर में गिरावट देखने को मिली।


# BTTL Bhilwara Technical Textiles Limited

PROUD TO BE INDIAN PRIVILEGED TO BE GLOBAL

**STATEMENT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED 31ST DECEMBER, 2022**

(₹ in Lacs Except per share data)

| Particulars | STANDALONE | | | | | | CONSOLIDATED | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Quarter Ended | | | Nine Months Ended | | Year Ended | Quarter Ended | | | Nine Months Ended | | Year Ended |
| | 31.12.2022 | 30.09.2022 | 31.12.2021 | 31.12.2022 | 31.12.2021 | 31.03.2022 | 31.12.2022 | 30.09.2022 | 31.12.2021 | 31.12.2022 | 31.12.2021 | 31.03.2022 |
| | Un-Audited | Un-Audited | Un-Audited | Un-Audited | Un-Audited | Audited | Un-Audited | Un-Audited | Un-Audited | Un-Audited | Un-Audited | Audited |
| Total Income from Operations | 395.53 | 382.46 | 543.38 | 1,247.14 | 1,618.55 | 2,039.32 | 395.53 | 382.46 | 543.38 | 1,247.14 | 1,618.55 | 2,039.32 |
| Net Profit/ (Loss) for the period (before tax, Exceptional and / or Extraordinary items) | 76.06 | 65.99 | 66.06 | 177.87 | 159.17 | 171.40 | 76.06 | 65.99 | 66.06 | 177.87 | 159.17 | 171.40 |
| Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extra ordinary Items) | 76.06 | 65.99 | 66.06 | 177.87 | 159.17 | 171.40 | 76.06 | 65.99 | 66.06 | 177.87 | 159.17 | 171.40 |
| Net Profit/ (Loss) for the period after tax (after Exceptional and / or Extraordinary items & Share of profit of Associates) | 59.14 | 37.47 | 54.33 | 126.99 | 130.93 | 148.17 | (246.45) | 32.69 | 409.21 | (177.96) | 1,762.06 | 1,733.85 |
| Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax) | 59.02 | 40.01 | 55.51 | 125.26 | 132.11 | 149.78 | (224.72) | 33.80 | 425.11 | (203.19) | 1,818.32 | 1,754.64 |
| Equity Share Capital | 583.73 | 583.73 | 583.73 | 583.73 | 583.73 | 583.73 | 583.73 | 583.73 | 583.73 | 583.73 | 583.73 | 583.73 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in balance sheet of the previous year | | | | | | 1,477.85 | | | | | | 15,033.69 |
| Earning Per Share (of ₹ 1 each) (for continuing operation) (not annualised except for year ended results) | | | | | | | | | | | | |
| Basic (₹ per share) | 0.10 | 0.07 | 0.09 | 0.22 | 0.22 | 0.25 | (0.42) | 0.06 | 0.70 | (0.30) | 3.02 | 2.97 |
| Diluted (₹ per share) | 0.10 | 0.07 | 0.09 | 0.22 | 0.22 | 0.25 | (0.42) | 0.06 | 0.70 | (0.30) | 3.02 | 2.97 |

Notes:

1. The above results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at its Meeting held on 14th February, 2023. The Statutory Auditor has reviewed the results for the quarter and nine months ended December 31, 2022.
2. This statement has been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (Ind AS), prescribed under section 133 of the Companies Act, 2013, and other recognized accounting practices and policies to the extent applicable.
3. The Company's activities constitute a single business segment.
4. The above is an extract of the detailed format of reviewed financial result for the quarter and nine months ended December 31, 2022 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015. The full format of the unaudited financial results are available on the Stock Exchange website (www.bseindia.com) and on the company's website (www.bttl.co.in).
5. In relation to an Associate, the Power Purchase Agreement (PPA) with Discom, in respect of solar power, expired on March 31, 2019. The Discom has not yet renewed the PPA. The Company is pursuing for Power Purchase Agreement (PPA) with DISCOM, in terms of RERC order dated 5th March 2019 @ ₹3.14 per Kwh, applicable to developers covered under the REC scheme for balance project life. Useful life is 25 years irrespective of the year of commissioning. As per said order, Discoms may execute PPAs for balance useful life of the project with project developers willing to sell power under REC mechanism to them. Since Company has exported power to DISCOM during the period, accordingly, Company has continued to recognise Revenue from Sale of Power of ₹ 139.98 Lacs, during the nine months ended December 31 2022, as the Management of the company believes that PPA will be signed. Matter is sub judice before the Honourable Rajasthan High Court. Total unbilled revenue on account of solar power as at March 31, 2022 was ₹ 554.50 Lacs.
6. The figures of the previous period / year have been regrouped / recasted wherever considered necessary.

By Order of the Board
For Bhilwara Technical Textiles Limited
Sd/-
Shekhar Agarwal
Chairman & Managing Director and CEO
DIN No.: 00066113

Place: Noida (U.P.)
Date : 14th February, 2023

CIN: L18101RJ2007PLC025502
Corporate Office: Bhilwara Towers, A-12, Sector - 1, Noida - 201 301 (U.P)
Phone: +91-120-4390300 (EPABX), Fax: +91-120-4277841, Website: www.bttl.co.in, E-mail:bttl.investor@lnjbhilwara.com
Registered Office: LNJ Nagar, Mordi, Banswara, Rajasthan – 327001 Phone: +91-2961-231251-52,+91-2962-302400, Fax: +91-2961-231254

BR

## सम्पादकीय

# पीएम आवास योजना के तहत बन रहे घरों की रफ्तार हो तेज



पुनीत जैन

लोकसभा की एक विशेष समिति ने अपनी रिपोर्ट में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे घरों की धीमी रफ्तार पर चिंता जताई है। यह तब है जबकि योजना के तीव्र गति से क्रियान्वयन के लिए पैसा कोई बाधा नहीं है। इस योजना के लिए बजट में साल दर साल इजाफा हुआ है।

ऐसा नहीं है कि गरीबों और बेघरों को पक्की छत मुहैया कराने वाली इस योजना की सुस्त चाल पर पहली बार चिंता जताई गई है। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने 2020 में ही इस योजना के क्रियान्वयन में आई नाटकीय सुस्ती का संज्ञान लेते हुए कहा था कि योजना के तहत स्वीकृत और बन कर तैयार हो चुके घरों के बीच का फासला इकतीस लाख बीस हजार तक पहुंच चुका है। मंत्रालय ने नाराजगी जताते हुए राज्यों से इस योजना के अमल में तेजी लाने को कहा था। हालांकि तब कई राज्यों ने कहा कि यह सुस्ती कोराना महामारी के दौरान लगाई गई पूर्णबंदी, अन्य पाबंदियों, बाढ़ और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण आई।

सभी बेघर गरीबों को पक्की छत मुहैया कराने के घोषित लक्ष्य को पूरा करने में अब महज एक साल का समय शेष है। मगर सरकारी आंकड़े बताते हैं कि अब तक जितने पक्के आवास देने का लक्ष्य था, उसके मुकाबले एक करोड़ अड़तीस लाख घर कम बने हैं। भूमि की उपलब्धता, पात्रों के चयन में देरी, पहली व दूसरी किस्त जारी करने में देरी और समय पर कोष उपलब्ध नहीं हो पाने जैसे तमाम कारण हैं।

इस मसले पर समिति ने अपनी एक सिफारिश में कहा है कि मंत्रालय तय लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समय-समय पर आवास निर्माण की परियोजनाओं की समीक्षा करे और उन कारणों की पहचान की जाए, जो परियोजनाओं में देरी की वजह बन रहे हैं। यह सुझाव दरअसल देश में तमाम योजनाओं के संदर्भ में बेहद उपयोगी है, क्योंकि इस समस्या के हल का यही सबसे बेहतर रास्ता है। यों देश के ज्यादातर राज्यों में तस्वीर बहुत अलग नहीं है।

BR

## सूचना

इस पृष्ठ पर प्रकाशित सभी विशेष लेख व्यक्तिगत सोच के आधार पर है।
-संपादक

# भारतभूमि में गुरु का स्थान सर्वोपरि



ललित गर्ग

पर्वों, त्यौहारों और संस्कारों की भारतभूमि में गुरु का स्थान सर्वोपरि माना गया है। पश्चिमी देशों में गुरु का कोई महत्व नहीं है, वहां विज्ञान और विज्ञापन का महत्व है, परन्तु भारत में सदियों से गुरु का महत्व रहा है। यहां की माटी एवं जनजीवन में गुरु को ईश्वरतुल्य माना गया है, क्योंकि गुरु न हो तो ईश्वर तक पहुंचने का मार्ग कौन दिखायेगा? गुरु ही शिष्य का मार्गदर्शन करते हैं और वे ही जीवन को ऊर्जामय बनाते हैं। भौतिकवादी युग में गुरु के प्रति आस्था में न्यूनता आई है, जिसके परिणाम स्वरूप जीवन में अशांति, असुरक्षा और मानवीय गुणों का अभाव हो रहा है। तुलसीदासजी ने हनुमान चालीसा किया है कि ...जै जै जै हनुमान गोसाई, कृपा करहु गुरुदेव की नाई। उन्होंने कहा है कि अगर किसी का गुरु नहीं है तो वह हनुमानजी को अपना गुरु बना सकता है। श्री गुरु चरण के स्मरण मात्र से ही आत्मज्योति का विकास हो जाता है। भारतीय संस्कृति में गुरु पद को सर्वोपरि माना गया है। जीव को ईश्वर की अनुभूति और साक्षात्कार कराने वाली मान प्रतिमा गुरु ही हैं। इस कारण गुरु का साक्षात् त्रिदेव तुल्य स्वीकार किया है।

**गुरुर्ब्रह्मा, गुरुर्विष्णु,**
**गुरुर्देवो महेश्वरः**
**गुरुःसाक्षात् परम ब्रह्म तस्मै**
**श्री गुरुवे नमः।।**

हमारी प्राचीन गुरुकुल परम्परा एवं गुरुकुल संस्कृति ने महर्षि, तपस्वी, राष्ट्रभक्त, चक्रवर्ती सम्राट और जगद्गुरु तक के सुयोग्य महापुरुष उपलब्ध कराए हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने भी गुरु महिमा को सर्वोपरि माना है। जनकपुरी में ऋषि विश्वामित्र की सेवा इसका प्रमाण है। भारतीय संस्कृति में गुरु आश्रय रहित व्यक्ति को अत्यंत हेय माना गया है। वर्तमान समय में भौतिकवादी जन समुदाय में गुरु के प्रति आस्था का प्रायः अभाव सा होता जा रहा है। विशेष कर युवा वर्ग, जिसके परिणामस्वरूप जीवन में अशांति, असुरक्षा एवं तनाव व्याप्त है और मानवीय गुणों का अभाव हो रहा है। हमारे देश के ऋषि-महर्षि, तीर्थंकर और महात्मा गौतम बुद्ध, महावीर जैसी दिव्य विभूतियों ने गुरु पद से अपने उपदेशों से उदार भावना स्थापित की।

गुरु की सन्निधि, प्रवचन, आशीर्वाद और अनुग्रह जिसे भी भाग्य से मिल जाए उसका तो जीवन कृतार्थता से भर उठता है। क्योंकि गुरु बिना न आत्म-दर्शन होता और न परमात्म-दर्शन। गुरु भवसागर पार पाने में नाविक का दायित्व निभाते हैं। वे हितचिंतक, मार्गदर्शक, विकास प्रेरक एवं विघ्नविनाशक होते हैं। उनका जीवन शिष्य के लिये आदर्श बनता है। उनकी सीख जीवन का उद्देश्य बनती है। अनुभवी आचार्यों ने भी गुरु की महत्ता का प्रतिपादन करते हुए लिखा है- गुरु यानी वह अर्हता जो अंधकार में दीप, समुद्र में द्वीप, मरुस्थल में वृक्ष और हिमखण्डों के बीच अग्नि की उपमा को सार्थकता प्रदान कर सके।

गुरु के पास चांद की तरह जीए गये अनुभवों का अक्षय कोष होता है। प्राचीन काल में विद्यार्थियों से शुल्क नहीं वसूला जाता था अतः वे साल में एक दिन गुरु की पूजा करके अपने सामर्थ्य के अनुसार उन्हें दक्षिणा देते थे। महाभारत काल से पहले यह प्रथा प्रचलित थी, लेकिन धीरे-धीरे गुरु-शिष्य संबंधों में बदलाव आ गया।

'आचार्य देवोभवः' का स्पष्ट अनुदेश भारत की पुनीत परंपरा है और वेद आदि ग्रंथों का अनुपम आदेश है। ऐसी मान्यता है कि हरिशयनी एकादशी के बाद सभी देवी-देवता चार मास के लिए सो जाते है। इसलिए हरिशयनी एकादशी के बाद पथ प्रदर्शक गुरु की शरण में जाना आवश्यक हो जाता है। परमात्मा की ओर संकेत करने वाले गुरु ही होते है। गुरु एक तरह का बांध है जो परमात्मा और संसार के बीच और शिष्य और भगवान के बीच सेतु का काम करते हैं। इन गुरुओं की छत्रछाया में से निकलने वाले कपिल, कणाद, गौतम, पाणिनी आदि अपने विद्या वैभव के लिए आज भी संसार में प्रसिद्ध है। गुरुओं के शांत पवित्र आश्रम में बैठकर अध्ययन करने वाले शिष्यों की बुद्धि भी तद्नुकूल उज्ज्वल और उदात्त हुआ करती थी।

योग दर्शन नामक पुस्तक में भगवान श्रीकृष्ण को जगतगुरु कहा गया है, क्योंकि महाभारत के युद्ध के दौरान उन्होंने अर्जुन को कर्मयोग का उपदेश दिया था। माता-पिता केवल हमारे शरीर की उत्पत्ति के कारण है लेकिन हमारे जीवन को सुसंस्कृत करके उसे सर्वांग सुंदर बनाने का कार्य गुरु या आचार्य का ही है। पहले गुरु उसे कहते थे जो विद्यार्थी को विद्या और अविद्या अर्थात् आत्मज्ञान और सांसारिक ज्ञान दोनों का बोध कराते थे, लेकिन बाद में आत्मज्ञान के लिए गुरु और सांसारिक ज्ञान के लिए आचार्य- ये दो पद अलग-अलग हो गए। भारत के महान् दार्शनिक ओशो ने जब यह कहा कि हमारी शिक्षण संस्थाएं अविद्या का प्रचार कर रही हैं तो लोगों ने आपत्ति की, लेकिन वे बात सही कह रहे थे। आज हमारे विद्यालयों में ज्ञान का नहीं बल्कि सूचनाओं का हस्तांतरण हो रहा है। विद्यार्थियों का ज्ञान से अब कोई वास्ता नहीं रहा इसलिए आज हमारे पास डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, न्यायाधीश, वैज्ञानिक और वास्तुकारों की तो एक बड़ी भीड़ जमा है, लेकिन ज्ञान के अभाव में चरित्र और चरित्र के बिना सुंदर समाज की कल्पना दिवास्वप्न बन कर रह गई है। आज नकली, धूर्त, ढोंगी, पाखंडी, साधु-संन्यासियों और गुरुओं की बाढ़ ने असली गुरु की महिमा को घटा दिया है। असली गुरु की पहचान करना बहुत कठिन हो गया है। भगवान से मिलाने के नाम पर, मोक्ष और मुक्ति दिलाने के नाम पर, कुण्डलिनी जागृति के नाम पर, पाप और दुःख काटने के नाम पर, रोग-व्याधियां दूर करने के नाम पर और जीवन में सुख और सफलता दिलाने के नाम पर हजारों धोखेबाज गुरु पैदा हो गये हैं जिनको वास्तव में कोई आध्यात्मिक उपलब्धि नहीं है। जो स्वयं आत्मा को नहीं जानते वे दूसरों को आत्मा पाने का गुर बताते हैं। तरह-तरह के प्रलोभन देकर धन कमाने के लिए शिष्यों की संख्या बढ़ाते हैं। जिसके बाड़े में जितने अधिक शिष्य हों वह उतना ही बड़ा और सिद्ध गुरु कहलाता है।

मूर्ख भोली-भाली जनता इनके पीछे-पीछे भागती है और दान-दक्षिणा देती है। ऐसे धन-लोलुप अज्ञानी और पाखंडी गुरुओं से हमें सदा सावधान रहना चाहिए। कहावत है कि 'पानी पीजै छान के और गुरु कीजै जान के।' सच्चा गुरु ही भगवान तुल्य है। इसीलिए कहा गया है कि 'गुरु-गोविंद दोऊ खडे काके लागूं पांय, बलिहारी गुरु आपनो जिन गोविंद दियो मिलाय।' यानी भगवान से भी अधिक महत्व गुरु को दिया गया है। यदि गुरु रास्ता न बताये तो हम भगवान तक नहीं पहुंच सकते। अतः सच्चा गुरु मिलने पर उनके चरणों में सब कुछ न्यौछावर कर दीजिये। उनके उपदेशों को अक्षरशः मानिये और जीवन में उतारिये। सभी मनुष्य अपने भीतर बैठे इस परम गुरु को जगायें। यही गुरु-पूर्णिमा की सार्थकता है तथा इसी के साथ अपने गुरु का भी सम्मान करें।

## प्रोपर्टी । अर्थव्यवस्था।

# अर्बनराइज ने रिलायंस कैप से 96.5 एकड़ जमीन खरीदी

### 3,600 करोड़ रुपये की 'टाउनशिप' परियोजना बनाएगी

**बिजनेस रेमेडीज़/नई दिल्ली।** अलायंस समूह की रियल एस्टेट फर्म अर्बनराइज ने चेन्नई के ताम्बरम में रिलायंस कैपिटल से 96.5 एकड़ जमीन खरीदी है। फर्म यहां उपनगरीय (टाउनशिप) परियोजना विकसित करने के लिए 3,600 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।




कंपनी ने बयान में कहा कि वह इस जमीन पर एक बड़ी टाउनशिप परियोजना विकसित करेगी। जमीन पर 1.3 करोड़ वर्ग फुट निर्माण कार्य कर 7,000 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया जा सकता है। कंपनी ने हालांकि इस सौदे के वित्तीय लेनदेन का ब्योरा नहीं दिया।

अर्बनराइज ने कहा कि वह अपना बाजार फैलाने के लिए बेंगलूरु, चेन्नई और हैदराबाद में रिहायशी स्थानों पर जमीनों का अधिग्रहण कर रही है। अलायंस समूह और अर्बनराइज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मनोज नांबुरु ने कहा कि ताम्बरम चेन्नई के व्यावसायिक-सह-आवासीय केन्द्र के तौर पर तेजी से उभर रहा है।

उन्होंने कहा कि हम विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ एक एकीकृत उपनगरीय परियोजना विकसित करने की योजना बना रहे हैं। अलायंस समूह दक्षिण भारत में सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनियों में से है। यह अब तक लगभग 7,500 आवास बना चुकी है। कंपनी के पास 5.4 करोड़ वर्ग फुट निर्माणाधीन और 2.5 करोड़ वर्ग फुट परियोजनाएं योजना के चरण में हैं।

# Brigade Enterprises ने अप्रैल-दिसंबर में 2,618.5 करोड़ रुपये की संपत्तियां बेचीं

**बिजनेस रेमेडीज़/नई दिल्ली।** रियल्टी कंपनी ब्रिगेड एंटरप्राइजेज की हाउसिंग और मार्केटिंग संपत्तियों की बिक्री चालू वित्त वर्ष (2022-23) की पहली तीन तिमाहियों यानी अप्रैल-दिसंबर के दौरान 31 प्रतिशत बढ़कर 2,618.5 करोड़ रुपये पर पहुंच गई।

कंपनी ने कहा कि संपत्तियों की बेहतर मांग और अधिक कीमतों की वजह से उसकी बिक्री बढ़ी है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में कंपनी ने 1,994.8 करोड़ रुपये की संपत्तियां बेची थीं।

बेंगलूरु की कंपनी Brigade Enterprises देश की प्रमुख रियल एस्टेट कंपनियों में से एक है। इसकी दक्षिण भारत में मजबूत उपस्थिति है। मात्रा के संदर्भ में, कंपनी की बिक्री बुकिंग इस अवधि में 25 प्रतिशत बढ़कर 39,58,000 वर्ग फुट हो गई। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह आंकड़ा 31,68,000 वर्ग फुट रहा था। इस दौरान कंपनी की बिक्री से प्राप्तियां पांच प्रतिशत बढ़कर 6,616 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गई। एक साल पहले इसी अवधि में यह 6,298 रुपये प्रति वर्ग फुट थी।


## बिजनेस रेमेडीज में विज्ञापन एवं खबरों हेतु संपर्क करें



| जिला | प्रतिनिधि | फोन |
|---|---|---|
| भीलवाड़ा | सुनील कुमार जैन | 9251465499 |
| जोधपुर | सुरेन्द्र जोशी | 9983490645 |
| उदयपुर | दिनेश गोठवाल | 9829297360 |
| बालोतरा | हितेश वैष्णव | 9982355640 |
| पाली | के.के. सिंघल | 9079812324 |
| बीकानेर | जेठमल छाजेड | 8739999599 |
| श्रीगंगानगर | प्रदीप थरेजा | 9414094108 |
| अलवर | रामकिशन | 9414261485 |
| किशनगढ़ | मूलचंद सोलंकी | 9269509473 |
| मेडता सिटी | निलेश जैन | 9829897681 |
| अलवर | मोहित अग्रवाल | 9414261485 |
| कांकरोली | सुनिल | 9214604062 |
| केकड़ी | किशन सागर | 9928707194 |

बिजनेस रेमेडीज
पताः- 63/118, हीरा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020
फोनः- 0141- 2785686, 9929106227



## सदस्यता कूपन



(केवल डाक या ई-मेल से प्राप्त करने के लिए)

| अवधि | अंक | सदस्यता शुल्क |
|---|---|---|
| 1 वर्ष | 307 | 1450 |

E-mail
remediesbusiness@gmail.com

नामः ..........
पताः ..........
..........पिनकोड..........
फोनः.......... मो. ..........
ड्राफ्ट/चैक का विवरणः ..........
ई-मेलः ..........

बिजनेस रेमेडीज प्राप्त करने के लिए सदस्यता शुल्क बैंक अकाउंट में जमा कराये या सदस्यता फार्म भरकर चैक/डीडी के साथ कार्यालय पर भिजवायें।
Bank Account:- Business Remedies
A/c No. 61233949765 Bank Name: SBI

पताः- 63/118, हीरा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020
फोनः- 0141- 3594672, 9929106227

#साधारण डाक द्वारा बिजनेस रेमेडीज की डिलीवरी में अनियमितता होने पर बिजनेस रेमेडीज प्रबंधन जिम्मेदार नहीं होगा।

कोरियर सुविधा

कोरियर के द्वारा बिजनेस रेमेडीज मंगवाने पर अतिरिक्त शुल्क लगेगा।

जयपुर एवं राजस्थान के अन्य शहरों में बिजनेस रेमेडीज अपने हॉकर से मांगे या सम्पर्क करें

जयपुर सिटी

| क्रम. | सेन्टर | नाम | फोन |
|---|---|---|---|
| 1 | शास्त्री नगर | गोपाल शर्मा | 9414788145 |
| 2 | वी.के.आई | महेश शर्मा | 9782744428 |
| 3 | झोटवाड़ा | प्रदीप शर्मा | 9929795261 |
| 4 | सरना डूंगर | सुरेन्द्र सिंह तोमर | 8562829290 |
| 5 | लिंक रोड | सुभाष शर्मा | 9950761723 |
| 6 | लिंक रोड | मनोज अग्रवाल | 9784254349 |
| 7 | केसरगढ़ | श्यामबाबू शर्मा | 9782930413 |
| 8 | सोडाला | श्यामसुंदर अग्रवाल | 9252020497 |
| 9 | टैगोर नगर | उम्मेद सिंह चौहान | 9829926088 |
| 10 | मानसरोवर | मुकेश बिहारी शर्मा | 9828247895 |
| 11 | गोपालपुरा मोड़ | विजयशंकर अग्रवाल | 9214538212 |
| 12 | मालवीय नगर | वाहिद खान | 9929294516 |
| 13 | सांगानेर | सीताराम चौधरी | 8058116502 |
| 14 | जगतपुरा | प्रदीप सिंह चौहान | 9214021525 |
| 15 | जैतपुरा | जितेन्द्र सैन | 9828599264 |
| 16 | कालाडेरा | शंकरलाल जी | 9828599263 |
| 17 | बगरू | नवरत्न चौधरी | 9928877107 |


राजस्थान

| क्रम. | सेन्टर | नाम | फोन |
|---|---|---|---|
| 1 | जोधपुर | सुरेन्द्र जोशी | 9983490645 |
| 2 | उदयपुर | मांगीलाल पुरोहित | 9024311494 |
| 3 | फतहनगर | लोकचंद बंजारा | 9414620694 |
| 4 | बालोतरा | हितेश वैष्णव | 9982355640 |
| 5 | पाली | महेन्द्र प्रकाश गोयल | 7742427942 |
| 6 | बीकानेर | जेठमल छाजेड़ | 8739999599 |
| 7 | श्रीगंगानगर | प्रदीप थरेजा | 9414094108 |
| 8 | श्रीगंगानगर | सुशील जी (इंण्डस्ट्रीयल एरिया) | 9352707195 |
| 9 | अलवर | रामकिशन जी | 9414261485 |
| 10 | किशनगढ़ | मूलचंद सोलंकी | 9269509473 |
| 11 | सोजत सिटी | सुरेश माली | 9461715177 |
| 12 | मेडता सिटी | निलेश जैन | 9829897681 |
| 13 | फालना | सुशील गोयल | 9829724754 |
| 14 | कोटा | सुरेन्द्र जैन | 9950674346 |
| 15 | अजमेर | सुरेशचंद शर्मा | 9571611211 |
| 16 | केकड़ी | किशन सागर | 9928707194 |
| 17 | सीकर | पवन प्रधान | 8696681838 |
| 18 | राजसमंद | सुनील जी | 9214604062 |
| 19 | भीलवाड़ा | सुनील कुमार जैन | 9251465499 |
| 20 | सुमेरपुर | श्री महादेव न्यूज एजेंसी | 9928608845 |
| 21 | अलवर | घनश्याम दास हरिराम | 9414261485 |
| 22 | बांसवाड़ा | गॉधी पेपर एजेंसी | 9414101840 |

# दुनिया के 45 देशों में प्रमुखता से मैकेनिकल सील एवं संबंधित उत्पाद निर्यात करने वाली कंपनी है 'सीलमैटिक इंडिया लि.'

## 17 फरवरी को खुलकर 21 फरवरी,2023 को बंद होगा कंपनी का आईपीओ

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** मुम्बई आधारित सीलमैटिक इंडिया लिमिटेड देश की प्रमुख मैकेनिकल सील एवं संबंधित उत्पाद निर्माण करने वाली कंपनी है। पिछले 10 वर्षों में कंपनी की



पॉजिशनिंग देश की टॉप सील मैकर के तौर पर स्थापित हुई है। सील निर्माण में कार्य करने वाली अन्य तीन कंपनियां मल्टीनेशनल कंपनियां हैं। देश में मैकेनिकल सील का सालाना बाजार करीब 2000 करोड़ रुपए का और विदेशों में 20 हजार करोड़ रुपये का है। इस सेगमेंट में कार्यरत प्रमुख कंपनी सीलमैटिक इंडिया लिमिटेड द्वारा बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर प्लांट एवं मशीनरी खरीदने, प्रोडक्ट डवलपमेंट, मार्केटिंग एवं ऑफ्टर सेल सपोर्ट, सामान्य कॉर्पोरेट खर्चों की पूर्ति, प्रोविजन्स एवं कंटीजेंसी और कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आईपीओ लाया जा रहा है। बिजनेस रेमेडीज की टीम ने कंपनी प्रवर्तक उमर ए.के.बलवा से कंपनी की कारोबारी गतिविधियों के संबंध में जानकारी हासिल की।

**कंपनी की कारोबारी गतिविधियां:** सीलमैटिक इंडिया लिमिटेड का इनकॉर्पोरेशन वर्ष 2009 में हुआ था। कंपनी द्वारा मैकेनिकल सील्स व संबंधित उत्पादों की डिजाईनिंग, निर्माण एवं विश्व के 45 देशों में निर्यात किया जा रहा है। कंपनी द्वारा निर्मित यांत्रिक सील्स का उपयोग मुख्य रूप से लुगदी और कागज, तेल और गैस, रिफाइनरी, पेट्रोकेमिकल, रसायन, उर्वरक, बिजली, खनन, एयरोस्पेस, समुद्री, दवा और अन्य उद्योगों में किया जाता है। कंपनी ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुकूलित सील बनाती है। कंपनी के संचालन को न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त है। वर्तमान में कंपनी की भारत सहित 45 से अधिक देशों में उपस्थिति है और इन देशों में यूएसए, स्वीडन, यूके, जर्मनी, इटली, जापान, नॉर्वे, स्विट्जरलैंड, डेनमार्क, नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस और कई अन्य देश शामिल हैं। सीलमैटिक इंडिया लिमिटेड की निर्माण इकाई शांति विद्या नगरी रोड, मीरा रोड (ई), थाणे में स्थित है और 3,855.86 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में फैली हुई है। कंपनी अपने परिचालन का विस्तार करने के लिए एक और विनिर्माण सुविधा स्थापित करने की योजना बना रही है। दूसरी इकाई थाणे के खंडीपाड़ा गांव वसई पूर्व में स्थित होगी। कंपनी अपने उत्पादों की आपूर्ति फार्मा, तेल व गैस उद्योग और बिजली जैसे क्षेत्रों के उद्योगपतियों को करती है। कंपनी ने कहा कि कंपनी की प्रतिधारण दर 100 फीसदी है। कंपनी के ग्राहकों में फोर्चुन 500 कंपनियां शामिल हैं।

**कंपनी का वित्तीय प्रदर्शन:** वित्त वर्ष 2020 में कंपनी ने 33.58 करोड़ रुपये का राजस्व एवं 4.94 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ, वित्त वर्ष 2021 में 35.48 करोड़ रुपए का राजस्व एवं 6.49 करोड़ रुपये का कर पश्चात शुद्ध लाभ, वित्त वर्ष 2022 में 42.76 करोड़ रुपये का राजस्व एवं 8.41 करोड़ रुपए कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। वित्त वर्ष 2023 की पहली छमाही में कंपनी ने 25.82 करोड़ रुपए का राजस्व एवं 5.43 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

**कंपनी के आईपीओ के संबंध में जानकारी:** कंपनी का आईपीओ बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर 17 फरवरी,2023 को खुलकर 21 फरवरी,2023 को बंद होगा। कंपनी द्वारा 10 रुपये फेसवेल्यू के 2499600 शेयर बुक बिल्ट इश्यू आईपीओ प्रणाली से 220 से 225 रुपए प्रति शेयर के भाव से जारी कर 56.24 करोड़ रुपए जुटाए जा रहे हैं। फ्रेश इश्यू के तहत 1850000 शेयरों की बिक्री की जाएगी। जबकि कंपनी निवेशकों द्वारा ऑफर फोर सेल के माध्यम से 649600 शेयरों की बिक्री की जा रही है। आईपीओ में 40 फीसदी शेयर क्यूआईबी कैटेगरी निवेशकों, 18 फीसदी एनआईआई कैटेगरी निवेशकों और 42 फीसदी शेयर रिटेल निवेशकों के लिए आरक्षित किए गए हैं। आईपीओ के मार्केट मैकर सनफ्लावर ब्रोकिंगऔर बुक रनिंग लीड मैनेजर आईएसके एडवाईजर्स प्राईवेट लिमिटेड हैं।

**नोट: कंपनी के आईपीओ में निवेश करने से पूर्व निवेशकों को पंजीकृत निवेश सलाहकारों की सलाह लेनी चाहिए।**

### कंपनी के अनुभवी प्रवर्तक



उमर ए. के. बलवा

कंपनी प्रवर्तक 55 वर्षीय उमर ए.के.बलवा कंपनी के संस्थापक सदस्य हैं। उन्होंने मुंबई यूनिवर्सिटी से बैचलर की डिग्री हासिल की है। उन्हें बर्गमैन, बलवा ग्रुप और सीलमैटिक में विभिन्न भूमिकाएं संभालने का 33 वर्षों का अनुभव है। मजबूत तकनीकी-वाणिज्यिक पृष्ठभूमि के साथ उन्होंने विविध विभागों जैस रोटरी उपकरण मूल्यांकन, अधिग्रहण, उत्पाद डिजाइन, प्रोटोटाइप, व्यापक आपूर्ति प्रबंधन, परियोजना निष्पादन व संचालन और रखरखाव के माध्यम से जीवनचक्र प्रबंधन सेवाएं को संभाला है । वर्ष 2011 से, उन्हें सीलमैटिक इंडिया लि. में निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

कंपनी प्रवर्तक 57 वर्षीय मोहम्मद हनिफ चौधरी कंपनी की संस्थापक सदस्य हैं। मैकेनिकल सील के डिजाइन, निर्माण और सर्विसिंग में उन्हें 33 से अधिक वर्षों का अनुभव है। उन्हें जर्मनी और जापान में सीलिंग तकनीक के विभिन्न जटिल पहलूओं जानने के लिए प्रशिक्षण दिया गया है। सीलिंग प्रौद्योगिकी की गतिशीलता को समझने का मिश्रण और बाजार के लिए मजबूत समाधान प्रदान करने के चलने वें यूरोप और यूएसए से भारत में सीलमैटिक के लिए विकास गतिविधियां संचालित करने में सक्षम रहे हैं। 2012 से वें सीलमैटिक इंडिया लिमिटेड में निदेशक हैं।

37 वर्षीय रफीक एच.बलवा कंपनी प्रवर्तक एवं निदेशक हैं। उन्हें हॉस्पिटल एवं हॉस्पिटेलिटी इंडस्ट्री में कार्य करने का 10 वर्षों का अनुभव है।

| | |
|---|---|
| IPO Date | Feb 17, 2023 to Feb 21, 2023 |
| Listing Date | [.] |
| Face Value | ₹10 per share |
| Price | ₹220 to ₹225 per share |
| Lot Size | 600 Shares |
| Issue Size | 2,499,600 shares of ₹10 (aggregating up to ₹56.24 Cr) |
| Fresh Issue | 1,850,000 shares of ₹10 (aggregating up to ₹[.] Cr) |
| Offer for Sale | 649,600 shares of ₹10 (aggregating up to ₹[.] Cr) |
| Issue Type | Book Built Issue IPO |
| Listing At | BSE SME |
| QIB Shares Offered | Not more than 40% of the Net Offer |
| NII (HNI) Shares Offered | Not less than 18% of the Net Issue |
| Retail Shares Offered | Not less than 42% of the Offer |
| Market Maker | SUNFLOWER BROKING PVT. LTD. |
| Company Promoters | Mr. Mohamed Hanif Chaudhari, Mr. Umar A K Balwa and Mr. Rafiq H. Balwa are the Promoters of the Company. |

# नायका का तीसरी तिमाही का मुनाफा 71 प्रतिशत घटकर 8.48 करोड़ रुपये पर

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** नायका ब्रांड का परिचालन करने वाली एफएसएन ई-कॉमर्स वेंचर्स लिमिटेड का एकीकृत लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 70.75 प्रतिशत घटकर 8.48 करोड़ रुपये रहा। खुदरा दुकानों में निवेश से कंपनी का मुनाफा प्रभावित हुआ है। कंपनी ने सोमवार को कहा कि इससे पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही इसने 29 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था।

हालांकि, कंपनी की परिचालन आय आलोच्य तिमाही में करीब 33 प्रतिशत बढ़कर 1,462.82 करोड़ रुपये हो गयी। पिछले वर्ष दिसंबर तिमाही में यह 1,098.3 करोड़ रुपये रही थी।नायका की कार्यकारी चेयरपर्सन, प्रबंध निदेशक एव मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) फाल्गुनी नायर ने कहा कि कंपनी कर पूर्व आय (एबिडा) मार्जिन में सुधार पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

## सेल का लाभ तीसरी तिमाही में 65 प्रतिशत घटा

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात बनाने वाली कंपनी सेल का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष (2022-23) की तीसरी तिमाही में करीब 65 प्रतिशत घटकर 542.18 करोड़ रुपये रहा। खर्च बढ़ने से कंपनी का मुनाफा घटा है। कंपनी को इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,528.54 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड (सेल) ने सोमवार को शेयर बाजारों को बताया कि इस दौरान उसका कुल खर्च 23,209.88 करोड़ रुपये से बढ़कर 24,825.11 करोड़ रुपये हो गया।हालांकि, कंपनी की कुल आय भी आलोच्य तिमाही में घटकर 25,140.16 करोड़ रुपये रही।

# सिल्गो रिटेल लिमिटेड

CIN:L36911RJ2016PLC049036

पंजीकृत कार्यालयः बी-11, महालक्ष्मी नगर, जेएलएन मार्ग, जयपुर राजस्थान-302017

ई-मेलः info@silgo.in वेबसाइटः www.silgo.in

## 31 दिसम्बर,2022 को समाप्त तिमाही और नौमाही के लिए अनांकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार

(रु. लाखों में, आय प्रति शेयर को छोड़कर)

| क्रं. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही (अनांकेक्षित) 31.12.2022 | समाप्त तिमाही (अनांकेक्षित) 30.09.2022 | समाप्त तिमाही (अनांकेक्षित) 31.12.2021 | समाप्त नौमाही (अनांकेक्षित) 31.12.2022 | समाप्त नौमाही (अनांकेक्षित) 31.12.2021 | समाप्त वर्ष (अंकेक्षित) 31.03.2022 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचलनों से कुल आय | 889.54 | 614.04 | 1031.94 | 2131.43 | 2385.44 | 3514.42 |
| 2. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)(कर,विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 80.07 | 55.48 | 86.53 | 207.21 | 220.64 | 315.75 |
| 3. | कर से पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 80.07 | 55.48 | 86.53 | 207.21 | 220.64 | 315.75 |
| 4. | कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 59.89 | 40.60 | 64.80 | 152.91 | 167.17 | 230.57 |
| 5. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय (अवधि हेतु (कर के बाद) लाभ/हानि एवं अन्य व्यापक आय (कर के बाद से शामिल) | 59.89 | 40.60 | 64.80 | 152.91 | 167.17 | 234.08 |
| 6. | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी | 1027.00 | 1027.00 | 1027.00 | 1027.00 | 1027.00 | 1027.00 |
| 7. | आरक्षित (पूर्व वर्ष के अंकेक्षित तुलनपत्र में दर्शाई गई पुर्नमूल्यांकन आरक्षितों के अतिरिक्त आरक्षित) | - | - | - | - | - | 1812.62 |
| 8. | प्रति शेयर आय (रु.10/- प्रति का जारी तथा अवरूद्ध परिचालनों हेतु) (वार्षिकीकृत नहीं) | | | | | | |
| | 1. मूल | 0.58 | 0.40 | 0.63 | 1.49 | 1.63 | 2.28 |
| | 2. अवमिश्रित | 0.58 | 0.40 | 0.63 | 1.49 | 1.63 | 2.28 |

टिप्पणीः क) उपरोक्त 31 दिसंबर, 2022 को समाप्त तिमाही और नौमाही के लिए अनांकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का उद्धरण है, जिसे सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दायर किया गया है। इसका पूर्ण प्रारूप 31 दिसंबर, 2022 को समाप्त तिमाही और नौमाही के वित्तीय परिणाम स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटः www.nseindia.com और कंपनी की वेबसाइटः www.silgo.in पर उपलब्ध हैं।

ख) उपरोक्त परिणामों की ऑडिट समिति द्वारा समीक्षा की गई है और निदेशक मंडल द्वारा 14 फरवरी, 2023 को आयोजित उनकी संबंधित बैठकों में अनुमोदित किया गया है।

निदेशक मंडल की ओर से और के लिए
सिल्गो रिटेल लिमिटेड
कृते/-
नीतिन जैन
(प्रबंध निदेशक)
DIN: 00935911

स्थानः जयपुर
दिनांकः 14 फरवरी,2023

# सोनी मेडिकेयर लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः 38,कानोता बाग, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004

CIN: L51397RJ1988PLC004569

ई-मेलः cs@sonihospitals.com वेबसाइटः www.sonihospitals.com

संपर्क नं. 0141-5163700, फैक्सः 0141-2564392

## 31 दिसम्बर,2022 को समाप्त तिमाही के अनअंकेक्षित वित्तीय परिणाम

(राशि लाखों में)

| क्र.सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 31.12.2022 (अनअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 30.09.2022 (अनअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.12.2021 (अनअंकेक्षित) | समाप्त नौमाही 31.12.2022 (अनअंकेक्षित) | समाप्त नौमाही 31.12.2021 (अनअंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2022 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परिचालनों से आय (शुद्ध) | 747.37 | 781.53 | 459.85 | 2,197.30 | 1,689.93 | 2,260.02 |
| | अन्य परिचालन आय | 18.81 | 15.89 | 11.67 | 46.59 | 24.91 | 66.75 |
| 2. | लाभ और (हानि) असाधारण मदों और कर से पहले | 8.46 | 12.50 | (78.06) | 27.59 | (50.41) | (66.84) |
| 3. | शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात की अवधि के लिए | 7.30 | 10.52 | (71.06) | 23.39 | (50.41) | (60.65) |
| 4. | चुकता शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रु.10/- प्रति) | 426.49 | 426.49 | 426.49 | 426.49 | 426.49 | 426.49 |
| 5. | मूल एवं तनुकृत ईपीएस (वार्षिक नहीं) (रु.) | | | | | | |
| | मूल | 0.17 | 0.25 | (1.67) | 0.55 | (1.18) | (1.42) |
| | तनुकृत | 0.17 | 0.25 | (1.67) | 0.55 | (1.18) | (1.42) |

टिप्पणीः

1. उपरोक्त परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई और निदेशक मंडल को अपनाने की सिफारिश की गई और निदेशक मंडल द्वारा 13 फरवरी, 2023 को अनुमोदित किया गया है।
2. उपरोक्त सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दर्ज किए गए तिमाही अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। तिमाही अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.sonihospitals.com) पर उपलब्ध है।

निदेशक मंडल के आदेश से
सोनी मेडिकेयर लिमिटेड के लिए
कृते/-
बिमल राय सोनी
(प्रबंध निदेशक)
DIN: 00716246

दिनांकः 14-02-2023
स्थानः जयपुर

# ओमेक्स लिमिटेड का शुद्ध घाटा दिसंबर तिमाही में बढ़कर 109.11 करोड़ रुपये पर पहुंचा

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** रियल्टी कंपनी ओमेक्स लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध घाटा चालू वित्त वर्ष 2022-23 की दिसंबर तिमाही में बढ़कर 109.11 करोड़ रुपये पहुंच गया। कंपनी को पिछले वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 38.56 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। कंपनी ने शेयर बाजारों को बताया कि उसकी कुल आय आलोच्य तिमाही में 184.26 करोड़ रुपये से बढ़कर 253.81 करोड़ रुपये हो गई। वहीं कंपनी का चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों यानी अप्रैल-दिसंबर, 2022 में शुद्ध घाटा बढ़कर 246.69 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले इसी अवधि में यह 124.99 करोड़ रुपये था।

# जी एंटरटेनमेंट का मुनाफा तीसरी तिमाही में 91.8 प्रतिशत घटा

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइज लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 91.86 प्रतिशत घटकर 24.32 करोड़ रुपये रह गया। उच्च लागत और इसके ओटीटी (ओवर द टॉप) मंच में निवेश की वजह से इसका मुनाफा प्रभावित हुआ है।

# शंकर लाल रामपाल डाई-केम लिमिटेड

## 31 दिसम्बर,2022 को समाप्त तिमाही और नौमाही के अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार

(अंशों के आकड़ों के अलावा शेष सभी, रुपये लाख में)

| क्रं. सं | विवरण | समाप्त तिमाही 31.12.2022 | समाप्त तिमाही 30.09.2022 | समाप्त तिमाही 31.12.2021 | समाप्त नौमाही 31.12.2022 | समाप्त नौमाही 31.12.2021 | समाप्त गत्त वित्त वर्ष 31.03.2022 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 7765.26 | 7499.67 | 10912.98 | 23613.92 | 21938.05 | 30332.59 |
| 2. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि)(कर,असामान्य तथा असाधारण मदों से पूर्व) | 161.07 | 717.48 | 1684.23 | 1705.26 | 2741.14 | 3580.25 |
| 3. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) करों से पूर्व (असामान्य तथा /या असाधारण मदों के पश्चात) | 161.07 | 717.48 | 1684.23 | 1705.26 | 2741.14 | 3580.25 |
| 4. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (करों से पश्चात) असामान्य तथा /या असाधारण मदों के पश्चात) | 120.61 | 536.91 | 1277.08 | 1484.22 | 2029.64 | 2706.44 |
| 5. | अवधि के लिए कुल व्यापक आमदनी (अवधि के लिए (कर पश्चात) मुनाफा/(हानि) तथा अन्य व्यापक आमदनी (कर पश्चात) | 120.61 | 536.91 | 1277.08 | 1484.22 | 2029.64 | 2706.44 |
| 6. | पेडअप इक्विटी शेयर पूंजी | 6396.68 | 6396.68 | 2132.23 | 6396.68 | 2132.23 | 2132.23 |
| 7. | पुनर्मुल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व जैसा कि गत वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाया गया | - | - | - | - | - | 5545.11 |
| 8. | प्रति शेयर अर्जन (वार्षिक नहीं) (प्रत्येक रु 10/-) असाधारण वस्तुओं से पहले और असाधारण वस्तुओं के बाद (मूल एवं तनुकृत) (मूल एवं तनुकृत समायोजित) | 0.19 | 0.84 | 5.99 | 2.32 | 9.52 | 4.23 |

टिप्पणीः

1. उपरोक्त 31 दिसम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही के एकल वित्तीय परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा 14 फरवरी, 2023 को आयोजित उनकी संबंधित बैठकों में अनुमोदित किया गया है।
2. यह विवरण कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 (इंड एएस) के अनुसार और अन्य स्वीकृत लेखांकन प्रथाओं और नीतियों के अनुसार लागू सीमा तक तैयार किया गया है।
3. उपरोक्त सेबी (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटों www.bseindia.com पर और कंपनी की वेबसाइट www.srdyechem.com पर उपलब्ध है।
4. पिछली अवधि के आंकड़ों को वर्तमान अवधि प्रस्तुति के साथ पुष्टि करने के लिए, जहां भी आवश्यक हो, पुनः समूहित/पुनः वर्गीकृत/पुनः व्यक्त किया गया है।

स्थानः भीलवाड़ा (राजस्थान)
दिनांकः 14/02/2023

निदेशक मंडल के लिये एवं आदेश से
कृते/-
रामपाल ईनाणी
चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक
DIN: 00480021

*****

पंजीकृत कार्यालय का पताः एस.जी, 2730, सुवाना, भीलवाड़ा-311011(राज.)

CIN L24114RJ2005PLC02134, दूरभाष : +91-1482-220062, ई मेलः info@srdyechem.com, वेबसाइटः www.srdyechem.com

# TIJARIA

Tijaria Polypipes Ltd

पंजीकृत कार्यालय : एसपी-1-2316, रीको इंडस्ट्रीयल एरिया, रामचन्द्रपुरा, सीतापुरा विस्तार, जयपुर-302022, CIN: L25209RJ2006PLC022828

टेलिफेक्स : 0141-2333722, ईमेलः investors@tijaira-pipes.com

(रुपये लाखों में बिंदु 7 को छोड़कर)

## 31 दिसम्बर, 2022 को समाप्त गैरअंकेक्षित एकल तिमाही और नौमाही वित्तीय परिणामों का सार

| विवरण | तिमाही समाप्त गैरअंकेक्षित 31.12.2022 | तिमाही समाप्त गैरअंकेक्षित 30.09.2022 | तिमाही समाप्त गैरअंकेक्षित 31.12.2021 | नौमाही समाप्त गैरअंकेक्षित 31.12.2022 | नौमाही समाप्त गैरअंकेक्षित 31.12.2021 | वार्षिक समाप्त अंकेक्षित 31.03.2022 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| परिचालनों से कुल आय व अन्य | 2.89 | 12.46 | 1774.05 | 1013.33 | 4143.16 | 5510.41 |
| अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि), (कर, असाधारण और या असाधारण वस्तुओं से पहले) | (110.91) | (117.40) | (505.40) | (664.60) | (1418.55) | (2171.69) |
| अवधि के लिए कर से पहले शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और या असाधारण वस्तुओं के बाद) | (110.91) | (117.45) | (505.40) | (665.65) | (1418.67) | (2171.81) |
| अवधि के लिए कर के बाद शुद्ध लाभ / (हानि) (असाधारण और या असाधारण वस्तुओं के बाद) | (110.91) | (117.45) | (505.40) | (665.65)) | (1418.67) | (2171.81) |
| अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए (कर पश्चात) समावेशित लाभ/(हानि) और अन्य समावेशित आय (कर पश्चात) | (110.91) | (117.45) | (505.40) | (665.65) | (1418.67) | (2171.81) |
| समता अंश पूंजी (रु.10/- प्रति का अंकित मूल्य) | 2862.66 | 2862.66 | 2862.66 | 2862.66 | 2862.66 | 2862.66 |
| आय प्रति शेयर (रु. 10/- प्रति का अंकित मूल्य)(वार्षिक नहीं) मूल | (0.39) | (0.41) | (1.77) | (2.33) | (4.96) | (7.58) |
| तनुकृत | (0.39) | (0.41) | (1.77) | (2.33) | (4.96) | (7.58) |

टिप्पणियां:

1. लेखापरीक्षा समिति द्वारा उपरोक्त वित्तीय परिणामों की समीक्षा और सिफारिश की गई है और 14.02.2023को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है।
2. जहां आवश्यक समझा जाता है, वहां पिछली अवधि के आंकड़ों को फिर से इकट्ठा / पुनर्व्यवस्थित किया गया है।
3. आयकर स्थगित कर के लिए प्रावधान यदि कोई होए तो वर्ष के अंत / तिमाही चार पर मान्यता प्राप्त होगी।
4. ऑपरेटिंग सेगमेंटः कंपनी मुख्य रूप से दो खंडों यानी पाइप्स और टेक्सटाइल्स में काम करती है। प्रत्येक ऑपरेटिंग सेगमेंट के उत्पादों पर विचार किया जाता है: 1) पाइप में एचडीपीई, पीवीसी पाइप, सिंचाई प्रणाली शामिल हैं, 2) टेक्सटाइल में मिंक ब्लैंकेट, मास्क शामिल हैं।

निदेशकों की ओर से और के लिये
कृते/-
आलोक जैन तिजारिया
(प्रबंध निदेशक) (DIN: 00114937)

स्थानः जयपुर
दिनांकः 14.02.2023

# बोहरा इंडस्ट्रीज लिमिटेड

CIN: L24117RJ1996PLC012912

पंजीकृत कार्यालयः 301, आनंद प्लाजा, यूनिवर्सिटी रोड, उदयपुर, राजस्थान 313001

ईमेल आईडीः bil@bohraindustries.com,दूरभाष नं. : +91-294-2429513, फैक्सः +91-294-2429515

## 31 दिसम्बर,2022 को समाप्त तिमाही अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का ब्यौरा

(रुपये लाखों में प्रति शेयर के आंकडों को छोड़कर)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 31 दिसम्बर,2022 अनअंकेक्षित | समाप्त तिमाही 30 सितम्बर,2022 अनअंकेक्षित | समाप्त तिमाही 31 दिसम्बर,2021 अनअंकेक्षित | समाप्त नौमाही 31 दिसम्बर 2022 अनअंकेक्षित | समाप्त नौमाही 31 दिसम्बर,2021 अनअंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च 2022 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परिचालनों से राजस्व | - | - | - | - | - | - |
| 2. | अन्य आय | - | - | - | - | - | - |
| 3. | कुल आय (1+2) | - | - | - | - | - | - |
| 4. | व्यय | | | | | | |
| (क) | खपत सामग्री की लागत | - | - | - | - | - | - |
| (ख) | स्टॉक-इन-ट्रेड खरीद | - | - | - | - | - | - |
| (ग) | तैयार माल के स्टॉक में परिवर्तन, स्टॉक-इन-ट्रेड और कार्य-प्रगति | - | - | - | - | - | - |
| (घ) | कर्मचारी लाभ व्यय | 9.64 | 6.75 | 26.80 | 23.14 | 40.42 | 47.23 |
| (ड) | वित्त व्यय | 0.05 | - | - | 0.05 | - | - |
| (च) | मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय | 31.75 | 31.74 | 35.84 | 95.23 | 107.52 | 140.85 |
| (छ) | उत्पाद शुल्क | | | | | | |
| (ज) | अन्य व्यय | 43.24 | 12.28 | 23.66 | 101.41 | 75.03 | 89.96 |
| | कुल व्यय | 84.68 | 50.77 | 86.30 | 219.83 | 222.97 | 278.04 |
| 5. | लाभ/(हानि) असाधारण वस्तुएं और कर से पहले (3-4) | (84.68) | (50.77) | (86.30) | (219.83) | (222.97) | (278.04 |
| 6. | असाधारण वस्तुएं | | | | | | |
| 7. | कर पूर्व लाभ/(हानि) (5-6) | (84.68) | (50.77) | (86.30) | (219.83) | (222.97) | (278.04) |
| 8. | कर खर्च | | | | | | |
| 9. | लाभ/(हानि) अवधि के लिए (7-8) | (84.68) | (50.77) | (86.30) | (219.83) | (222.97) | (262.06) |
| 10. | अन्य व्यापक आय (क) वे वस्तुएँ जिन्हें लाभ या हानि के लिए पुनर्वर्गीकृत नहीं किया जाएगा | | | | | | |
| | (ख) उन मदों से संबंधित आयकर जिन्हें लाभ या (हानि) के लिए पुनर्वगीकृत नहीं किया जाएगा | | | | | | |
| 11. | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (9+10) | | | | | | |
| 12. | पेडअप इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/-रुपये प्रति) | 142,971,520.00 | 102,971,520.00 | 52,410,130.00 | 142971520.00 | 152,410,130.00 | 102,971,520.00 |
| 13. | रिजर्व (पिछले वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाए अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) - अन्य इक्विटी | | | | | | |
| 14. | प्रति शेयर आय (रु. 10/- प्रत्येक) (वार्षिक नहीं) मूल तनुकृत | (0.59) | (0.49) | (0.57) | (1.54) | (1.46) | (2.54) |

टिप्पणीः उपरोक्त 31.12.2022 को समाप्त तिमाही के लिए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का उद्धरण है, जो सेबी (सूचीकरण बाध्यताओं और प्रकटीकरण आवश्यकताओं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर किया गया है। पूर्वोक्त अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप एनएसई के स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.nseindia.com और कंपनी की वेबसाइट http://www.bohraindustries.com/ पर उपलब्ध है।

निदेशक मंडल के लिये और बोहरा इंडस्ट्री की ओर से
कृष्णा अग्रवाल
प्रबंध निदेशक
DIN :01128799

स्थानः उदयपुर
दिनांकः 14.02.2023

BUSINESS

**न्यूज ब्रीफ**

## पाक के पंजाब में पहली लोकसेवक हिंदू महिला सहायक आयुक्त के तौर पर नियुक्त

**बिज़नेस रेमेडीज/ लाहौर/(हि.स.)।**

पाकिस्तान में पहली बार किसी हिंदू महिला को लोकसेवक पद पर एक डॉक्टर को वर्तमान में पंजाब प्रांत के हसनअब्दाल शहर में सहायक आयुक्त और प्रशासक के तौर पर नियुक्त किया गया है। जो शहर के इतिहास में पहली बार हुआ है।

रिपोर्ट के अनुसार डॉक्टर सना रामचंद गुलवानी (27) सेंट्रल सुपीरियर सर्विसेज (सीएसएस) परीक्षा 2020 पास करने के बाद पाकिस्तान प्रशासनिक सेवा (पीएएस) में शामिल हुईं। उन्होंने अटक जिले के हसनअब्दाल शहर के सहायक आयुक्त और प्रशासक के रूप में पदभार ग्रहण किया। डॉक्टर सना रामचंद गुलवानी ने अपने पहले प्रयास में परीक्षा पास की और हिंदू समुदाय के कई कार्यकर्ताओं के अनुसार विभाजन के बाद से परीक्षा पास करने वाली समुदाय की वह पहली पाकिस्तानी महिला हैं। सिंध प्रांत के शिकारपुर शहर में पली-बढ़ीं गुलवानी संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में शामिल होने से पहले अपने माता-पिता की इच्छा पर डॉक्टर बनीं। गुलवानी ने अपनी परीक्षा पास करने के बाद कहा था, मुझे नहीं पता कि मैं पहली हूं, लेकिन (मैंने) अपने समुदाय से किसी (महिला) के परीक्षा में शामिल होने के बारे में कभी नहीं सुना।

# चीन की खुफिया क्षमताओं का व्यापक आकलन किया जाए : जो बाइडेन

**बिज़नेस रेमेडीज/ वाशिंगटन/एजेंसी**

अमेरिका के वायु क्षेत्र में अत्यधिक ऊंचाई पर उड़ रहे जासूसी गुब्बारे एवं अन्य वस्तुओं का पता लगने के बाद व्हाइट हाउस ने कहा है कि देश के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पद संभालने के बाद खुफिया विभाग को चीन की खुफिया क्षमताओं का 'व्यापक मूल्यांकन' करने का निर्देश दिया था। हाल के दिनों में अमेरिका में आसमान में तीन गुब्बारे उड़ते दिखाई दिए हैं जिन्हें मार गिराया गया है।

अमेरिकी लड़ाकू जेट एफ-22 विमान ने कनाडा के वायु क्षेत्र में उड़ रही एक बेलनाकार वस्तु को और इससे एक दिन पहले अलास्का में इसी प्रकार की एक अन्य वस्तु को मार गिराया गया था । इससे एक सप्ताह पहले अमेरिकी सेना ने दक्षिण कैरोलाइना के तट पर एक संदिग्ध चीनी निगरानी गुब्बारे को मार गिराया था । व्हाइट हाउस में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में स्ट्रेटजिक कम्युनिकेशन के संयोजक जॉन किर्बी ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि बाइडेन ने जब (2021) में कार्यभार संभाला, तब उन्होंने अमेरिका के खुफिया विभाग को चीनी खुफिया क्षमताओं का व्यापक मूल्यांकन करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के लिये कहा था कि हम उनका पता लगाने और उनसे बचाव करने के लिये काम करें। उन्होंने कहा कि आप सब इस बात को समझेंगे कि किसी कारण से हम सार्वजनिक रूप से इस बारे में बात नहीं कर सकते हैं कि हम विदेशी खुफिया संग्रहण प्रयासों का कैसे पता लगाते हैं और कैसे उनसे निपटते हैं, क्योंकि हमने जो कुछ किया है और जो कर रहे हैं वह निश्चित रूप से बेहद संवेदनशील है। लेकिन, हमें इस बात का पता चला है कि चीन के पास विदेशी खुफिया सूचना संग्रह के लिये अत्यधिक ऊंचाई पर उड़ने वाला गुब्बारा कार्यक्रम है, जो पीपुल्स लिबरेशन आर्मी से जुड़ा ह । किर्बी ने कहा कि यह पिछले प्रशासन के दौरान भी काम कर रहा था, लेकिन उन्होंने इसका पता नहीं लगाया। उन्होंने कहा, कि हमने इसका पता लगाया । हमने इसे देखा। हमने इसके बारे में सावधानीपूर्वक जितना अध्ययन कर सकते थे किया। हम जानते हैं कि पीआरसी (पीपुल्स रिब्लिक आफ चाइना) के निगरानी गुब्बारों ने दुनिया भर के कई महाद्वीपों के दर्जनों देशों को पार कर लिया है, जिनमें से कुछ हमारे करीबी सहयोगी और साझेदार भी शामिल हैं । उन्होंने कहा, कि अमेरिका ने मूल्यांकन किया कि इस समय इन गुब्बारों ने संयुक्त राज्य अमेरिका में उपयोग किए जाने वाले पीआरसी के अन्य खुफिया प्लेटफार्मों को सीमित क्षमताएं प्रदान की हैं।

## सऊदी अरब पहली बार स्पेस में भेजेगा महिला अंतरिक्ष यात्री



**बिज़नेस रेमेडीज/ नई दिल्ली(हि.स.)।**

सऊदी अरब इस साल के अंत में अपनी पहली महिला अंतरिक्ष यात्री को अंतरिक्ष मिशन पर भेजेगा। देश की रूढ़िवादी छवि को सुधारने की दिशा में इसे प्रभावी कदम माना जा रहा है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक सऊदी अरब की महिला अंतरिक्ष यात्री रेयाना बरनावी एक पुरुष अंतरिक्ष यात्री अली अल कर्नी के साथ इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से अपनी यात्रा शुरू करेंगी। इस मिशन पर क्रू मेंबर भी शामिल होंगे। उनका स्पेस शिप अमेरिका से रवाना होगा। सऊदी नेता क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अपने देश की कठोर छवि से इतर महिलाओं के लिए सुधार के कई कदम उठाते रहे हैं।

## फ्रांस मेक इन इंडिया इनिशिएटिव के लिए प्रतिबद्ध : इमैनुएल लेनैन

**बिज़नेस रेमेडीज/ इंटरनेशनल डेस्क/एजेंसी**

फ्रांसीसी राजदूत इमैनुएल लेनैन ने कहा कि फ्रांसीसी उद्योग भारत की 'मेक इन इंडिया' नीति के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनका मानना है कि फ्रांस और भारत को रणनीतिक स्वायत्तता के लिए काम करना चाहिए।

जानकारी के अनुसार बेंगलुरु में एयरो इंडिया 2023 के 14वें संस्करण के उद्घाटन के मौके पर फ्रांसीसी राजदूत ने कहा कि फ्रांसीसी उद्योग प्रतिबद्ध हैं और मेक इन इंडिया में दशकों से अग्रणी रहे हैं और अधिक से अधिक भविष्य के हथियारों का सह-विकास कर रहे हैं। हम वास्तव में मानते हैं कि हमें रणनीतिक स्वायत्तता के लिए मिलकर काम करना चाहिए। फ्रांसीसी राजदूत इमैनुएल लेनैन ने राफेल-एम को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि हम बेहतर की कामना करते हैं। हमने एक बहुत अच्छा प्रस्ताव दिया है और ऐसा लगता है कि गोवा में तकनीकी परीक्षण बहुत सकारात्मक रहा है। इसलिए, अब हमें लगता है कि हम आशान्वित हो सकते हैं।

इमैनुएल लेनैन ने यह भी कहा कि उपकरणों के कई टुकड़ों पर काफी चर्चा हुई है। राफेल सौदा बहुत सांकेतिक था।उन्होंने कहा, कि यह भारत के लिए समय पर सर्वश्रेष्ठ तकनीक प्रदान करने के लिए फ्रांसीसी कंपनियों की प्रतिबद्धता थी। भविष्य में भी ऐसा ही होगा। इस बीच, रक्षा मंत्रालय में यूके के राज्य मंत्री, एलेक्स चॉक ने एयरो इंडिया 2023 कार्यक्रम में अन्य प्रतिनिधियों के शामिल होने पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि वह यहां आकर 'खुश' हैं। उन्होंने कहा कि भारत पहले से ही एक महान देश है, लेकिन यह अभी शुरू हो रहा है। इसमें बहुत संभावनाएं हैं, हम यहां आकर खुश हैं और हम आपके साथ रहना चाहते हैं। हम मानते हैं कि भारत उस स्थान पर है जहां वह अपनी स्वदेशी, संप्रभु क्षमता का निर्माण करना चाहता है। ताकि वह भारत के हितों में अपनी शर्तों पर हथियारों और हथियारों का निर्यात कर सके क्योंकि एक मजबूत भारत और एक मजबूत क्षेत्र दुनिया के लिए अच्छा है।

# चीन के हवाई क्षेत्र में अमेरिका को कोई निगरानी गुब्बारा व कोई विमान नहीं : किर्बी

**बिज़नेस रेमेडीज/ वाशिंगटन(हि.स.)।**

व्हाइट हाउस ने कहा कि चीन के हवाई क्षेत्र के ऊपर कोई भी अमेरिकी गुब्बारा नहीं उड़ रहा है। व्हाइट हाउस ने बीजिंग के इस तरह के दावे को खारिज करते हुए यह बात कही। साथ ही व्हाइट हाउस ने यह भी कहा कि हाल ही में अमेरिकी हवाई क्षेत्र में ऊंचाई पर उड़ रही तीन वस्तुओं को मार गिराने के मामले में एलियंस (दूसरे ग्रह के प्राणी) अथवा दूसरे ग्रह की गतिविधि से संबंधित कोई संकेत नहीं मिले हैं।



व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के रणनीतिक (संचार) संयोजक जॉन किर्बी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा- कि हम चीन के ऊपर कोई निगरानी गुब्बारा और कोई विमान नहीं उड़ा रहे हैं। बीजिंग का ऐसा दावा बेबुनियाद है।

इससे पहले चीन ने आरोप लगाया था कि पिछले साल अमेरिका ने उसकी अनुमति के बिना 10 से अधिक बार गुब्बारे उसके हवाई क्षेत्र में भेजे। उप विदेश मंत्री वेंडी शेरमन ने एक अन्य संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के ऊपर अमेरिकी सरकार के कोई गुब्बारे नहीं हैं।

इसके अलावा व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन ज्यां पियरे ने संवाददाताओं से कहा कि हाल ही में तीन वस्तुओं को मार गिराने के मामले में एलियंस अथवा दूसरे ग्रह की गतिविधि के बारे में कोई संकेत नहीं है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में रविवार को तीसरी अज्ञात वस्तु मार गिराए जाने के बाद अटकलबाजी शुरू हो गई कि यह एलियंस अथवा दूसरे ग्रह से संबंधित गतिविधि है।




# च्वाइस इंटरनेशनल ने स्थानीय भाषा में निःशुल्क, उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के लिए सीएसआर पहल शुरू की

### स्थानीय भाषा में उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षिक सामग्री उपलब्ध कराने हेतु यूट्यूब चैनल लॉन्च

**बिज़नेस रेमेडीज/मुंबई**

भारत के प्रमुख वित्तीय समूहों में से एक, च्वाइस इंटरनेशनल लिमिटेड ने सीएसआर पहल के अंतर्गत एक प्रोग्राम शुरू किया। इस पहल के अंतर्गत, कंपनी ने अपने शैक्षणिक यूट्यूब चैनल पर 4500 से अधिक सर्वोत्तम कोटि के वीडियोज संकलित किया है।

आईआईटी और एनआईटी के शैक्षिक पेशेवरों की एक टीम द्वारा ये वीडियोज संकलित किए गए हैं। इस पहल के माध्यम से देश भर के छात्रों को स्थानीय भाषा में निःशुल्क, उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा उपलब्ध होगी। इसमें विभिन्न आयु समूहों और महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं की विस्तृत श्रृंखला हेतु उपयोगी सामग्रियां हैं। यह पहल समाज के लिए ईमानदारीपूर्वक योगदान देने और शिक्षा, जागरूकता और कौशल विकास के क्षेत्रों में गाँव और शहर के बीच की खाई को पाटने के लिए च्वाइस की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। पाठ्यक्रम को हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में उपलब्ध कराया गया है ताकि देश भर के छात्र आसानीपूर्वक पाठ्यक्रम की सामग्री को आत्मसात कर सकें। उच्च माध्यमिक से लेकर नीट, एनटीएसई, ओलंपियाड, केवीपीवाई और जेईई जैसी प्रमुख प्रतियोगी परीक्षाओं तक की पाठ्य सामग्री इसमें शामिल है। इस प्रयास का अन्य लाभ यह है कि दूरदराज के छात्रों को अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूसरी जगहों पर जाना नहीं पड़ेगा और इस प्रकार, अच्छी पढ़ाई के लिए दूसरी जगह जाने वाले छात्रों की संख्या कम हो सकेगी।




सुनील पटोदिया वेलफेयर फाउंडेशन को इस पहल से जुड़ने पर गर्व है और यह फाउंडेशन इसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सुलभता बढ़ाने एवं हमारे बच्चों के बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए एक प्रमुख कदम के रूप में देखता है।

इस सहयोग के बारे में, सीआईएल के प्रबंध निदेशक, कमल पोद्दार ने कहा कि च्वाइस इंटरनेशनल लिमिटेड समाज के लिए मूल्य निर्माण और वित्तीय स्वतंत्रता हेतु संकल्पित है। यह आसानीपूर्वक उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की नींव पर ही हासिल किया जा सकता है। इस प्लेटफॉर्म के पीछे एक ऐसे समाधान के निर्माण की सोच है जो छात्रों की प्राथमिक शिक्षा की शुरुआत से ही उनकी नींव को मजबूत करने में मदद कर सके और इस प्रकार, उपयुक्त नौकरी के अवसरों को हासिल करके सफलता प्राप्त करने में उनकी मदद कर सके।

## राज्यपाल ने केजीएमयू की ओर से आयोजित श्रीअन्न मेले का उद्घाटन किया

**बिज़नेस रेमेडीज/ लखनऊ/(हि.स.)।**

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित श्रीअन्न मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने चिकित्सा विश्वविद्यालय में तीन नवीन सुविधाओं एक्सरे इरैडिएटर, सीवेज ट्रीटमेंट एवं एफ्लूयेन्ट ट्रीटमेंट प्लान्ट तथा इन्टरवेंशन रेडियोलॉजी वार्ड का भी शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने विश्वविद्यालय को नैक मूल्यांकन में ए प्लस प्राप्त करने के लिए बधाई देते हुए कहा कि मेडिकल विश्वविद्यालय और सामान्य विश्वविद्यालय में काफी अन्तर होता है। मेडिकल विश्वविद्यालय का दायरा तथा समाज के लिए उनकी जिम्मेदारियां बहुत अहम होती हैं। अपनी जिम्मेदारियों का अच्छी तरह से निर्वहन करते हुए भी नैक में अच्छा प्रदर्शन करना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

इसी क्रम में राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की ओर से प्रसारित तथा समाज के लिए उपयोगी साबित हो रहे रेडियो केजीएमयू गूंज के एक वर्ष पूर्ण करने पर बधाई दी। राज्यपाल ने कहा कि केजीएमयू गूंज टीम आउटरीच कार्यक्रमों के माध्यम से हमारी महिलाएं, हमारी बेटियों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी सरल तरीके से पहुंचाने के साथ विशेषज्ञों की बातों को भी सहज भाषा में प्रसारित किया जाए। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित श्रीअन्न मेले में कहा कि बदलती जीवन शैली में स्वस्थ शरीर के लिए आहार में श्रीअन्न को जो?ना जरूरी हो गया है। वर्ष 2023 को देश के प्रधानमंत्री ने अन्तर्राष्टीय मीलेट वर्ष घोषित किया है। आनंदीबेन पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय को महिलाओं और बेटियों को पोषण और स्वास्थ्य की दृष्टि से सर्वोत्तम आहार मिलेट्स को अपनी जीवन शैली में शामिल करने के लिए जागरूक करने का कार्य करना चाहिए । इसके साथ ही कुपोषण, टीबी, महिलाओं की शत्-प्रतिशत डिलीवरी चिकित्सालय में ही हो तथा फीडिंग जैसे गंभीर विषय को भी उठाना चाहिए।

## जगदीश कपूर वेस्ट एंड हाउसिंग फाइनेंस के चेयरमैन के रूप में नियुक्त

**बिज़नेस रेमेडीज/मुंबई**

मुंबई स्थित किफायती हाउसिंग फाइनेंस कंपनी, वेस्ट एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, ने प्रतिष्ठित बैंकर जगदीश कपूर को अपना चेयरमैन नियुक्त किया है। नियुक्ति 10 फरवरी ,2023 को मुंबई में आयोजत बोर्ड की बैठक में की गई थी।

जानकारी के अनुसार जगदीश कपूर का वित्तीय क्षेत्र में शानदार करियर रहा है, उन्होंने भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर के रूप में कार्य किया है। वह एचडीएफसी बैंक और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के चेयरमैन भी रह चुके हैं। इसके अलावा कई प्रमुख बैंकों जैसे स्टेट बैंक



ऑफ इंडिया , बैंक ऑफ बड़ौदा, नेशनल हाउसिंग बैंक, नाबार्ड और एक्जिम बैंक के बोर्ड में काम कर चुके हैं।

नियुक्ति के बारे में बात करते हुए, वेस्ट एंड ग्रुप के अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने कहा कि वेस्ट एंड हाउसिंग फाइनेंस के चेयरमैन के रूप में हमारे बोर्ड में जगदीश कपूर जैसे प्रतिष्ठित और सम्मानित पेशेवर को पाकर हम सम्मानित और प्रसन्न हैं। हमें विश्वास है कि उनका विजन, अनुभव और मार्गदर्शन आनेवाले वर्षों में हमारी विकास यात्रा के लिए महत्वपूर्ण होगा।

## एलिस ब्लू फाईनेंशल सर्विसेज़ फाईनेंस क्षेत्र को अगली जनरेशन के समाधानों से सशक्त बना रहा है

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**

टेक्नॉलॉजी ने वित्तीय विनिमय करने का तरीका बदल दिया है, फिर चाहे वह भुगतान हो, निवेश हो या फिर ट्रेडिंग। फाईनेंस के क्षेत्र में औद्योगिकी लीडर बनने के लिए दिग्गजों को टेक्नॉलॉजी में हो रही प्रगति के साथ चलना और प्रतिस्पर्धा में आगे बने रहने के लिए आवश्यक परिवर्तन करना जरूरी है।

एलिस ब्लू ऐसा ही एक दिग्गज है, जिसने दिसंबर, 2006 में अपनी शुरुआत से ही ऑनलाईन डिस्काउंट ब्रोकिंग की दुनिया में हलचल मचा दी है। साल 2007 में चेन्नई में पाँच कर्मचारियों के स्टाफ और एक एमसीएक्स सदस्यता के साथ शुरू होने के बाद इसने बहुत तेजी से वृद्धि की है। साल 2017 में कंपनी का मुख्यालय बैंगलुरू ले जाया गया। आज यह पूरे भारत में 15000 पार्टनर्स और 400 से ज्यादा कर्मचारियों की 18 शाखाओं के साथ काम कर रहा है।

एलिस ब्लू इंट्राडे और एफएंडओ ट्रेडिंग के लिए 15 रु. प्रति ऑर्डर की फ्लैट दर से सेवाएं देता है, और ईक्विटी डिलीवरी एवं म्यूचल फंड में निवेश के लिए कोई ब्रोकरेज नहीं लेता है। इसके पास ट्रेडिंग का एक मजबूत प्लेटफॉर्म है, जिसकी मदद से यह बेहतरीन ग्राहक सेवा प्रदान करते हुए ग्राहकों की शंकाओं का निवारण करता है। इसके पास स्टॉक बाजार की शिक्षा प्रदान करने वाले संसाधनों का विस्तृत संग्रह है। एलिस ब्लू वित्तीय समावेशन में यकीन रखता है और भारत में इन सेवाओं से वंचित लोगों तक पहुँचकर उन्हें कमोडिटी और स्टॉक बाजार में निवेश करने के महत्व के बारे में शिक्षित करना चाहता है। एलिस ब्लू ने साल 2025 के अंत तक 1 मिलियन डेरिवेटिव ट्रेडर्स को सेवाएं देने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य स्थापित किया है, और वो टेक्नॉलॉजी एवं इनोवेशन की मदद से अपने इस उद्देश्य की ओर बढ़ेंगे।

निवेशकों और ट्रेडर्स को बिना किसी बाधा के तेजी व सुगमता से अपने विनिमय पूरे करने में मदद करने के लिए एक स्मार्ट ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म (एएनटी वेब ) और मोबाईल एप्लीकेशन (एएनटी मोबी) के अलावा, एलिस ब्लू अन्य दिलचस्प सुविधाएं भी प्रदान करता है, जिनसे ट्रेडर्स, खासकर स्टॉक बाजार में नया प्रवेश करने वालों को काफी मदद मिलती है। एलिस ब्लू म्यूचल फंड्स में सीधा निवेश, यूपीआई द्वारा आईपीओ में सुगम निवेश आदि सेवाएं प्रदान करता है। ये टूल ग्राहकों को ट्रेड ऑटोमेट करने में मदद करने के लिए डिज़ाईन किए गए हैं।

एलिस ब्लू का उद्देश्य अपने ऑनलाईन प्लेटफॉर्म, मोबाईल एप्लीकेशन या अन्य संसाधनों द्वारा ग्राहकों को शिक्षित करना और हाई वॉल्यूम ट्रेडर्स के लिए प्रक्रियाओं को ऑटोमेट करके गति व एफिशियंसी बढ़ाना है, ताकि उन्हें ज्यादा बेहतर अनुभव प्राप्त हो सके। एलिस ब्लू अपने ग्राहकों की समस्याओं को ध्यान से सुनकर कमियों को दूर करता है, ताकि ग्राहकों को पूर्ण संतुष्टि प्राप्त हो। एलिस ब्लू ग्राहकों को तुरंत ऑर्डर प्लेस करने, लाईव ओआई डेटा, भरोसेमंद वेब सॉकेट्स आदि के लिए मुफ्त एपीआई प्रदान करता है, जिससे इसे ग्राहकों की संख्या बढ़ाने में मदद मिलती है।

# जूनागढ़ में देखने को मिलती है देश की संस्कृति की झलक

**बिज़नेस रेमेडीज/गुजरात**

गुजरात का जूनागढ़ शहर गिरनार पहाड़ियों के निचले हिस्से पर स्थित है। मंदिरों की भूमि जूनागढ़ गिरनार हिल की गोद में बसा हुआ है। यह मुस्लिम शासक बाबी नवाब के राज्य जूनागढ़ की राजधानी था। गुजराती भाषा में जूनागढ़ का अर्थ होता है प्राचीन किला। इस पर कई वंशों ने शासन किया। यहां समय-समय पर हिंदू, बौद्ध, जैन और मुस्लिम, इन चार प्रमुख धर्मों का प्रभाव रहा है। विभिन्न राजनीतिक और धार्मिक शाक्तियों के समन्वय के कारण जूनागढ़ बहुमूल्य संस्कृति का धनी रहा है।

जूनागढ़ दो भागों में विभक्त है। एक मुख्य शहर है जिसके चारों ओर दीवारों से किलेबन्दी की गई है। दूसरा पश्चिम में है जिसे अपरकोट कहा जाता है। अपरकोट एक प्राचीन दुर्ग है जो शहर से बहुत ऊपर स्थित है। यह किला मौर्य और गुप्त शासकों के लिए बहुत मजबूत साबित हुआ क्योंकि इस किले ने विशिष्ट स्थान पर स्थित होने और दुर्गम राह के कारण पिछले 1000 वर्षों से लगभग 16 आक्रमणों का सफलतापूर्वक सामना किया। अपरकोट का प्रवेशद्वार हिंदू तोरण स्थापत्य कला का अच्छा नमूना है। बौद्ध गुफा और बाबा प्यारा की गुफा (दूसरी शताब्दी), अड़ी-काड़ी वाव, नवघन कुआं और जामी मस्जिद यहां के प्रमुख दर्शनीय स्थल हैं।



**अशोक के शिलालेख (आदेशपत्र) :** गिरनार जाने के रास्ते पर सम्राट अशोक द्वारा लगवाए गए शिलालेखों को देखा जा सकता है। ये शिलालेख विशाल पत्थरों पर उत्कीर्ण हैं। अशोक ने कुल चौदह शिलालेख लगवाए थे। इन शिलालेखों में राजकीय आदेश खुदे हुए हैं। इसके अतिरिक्त इसमें नैतिक नियम भी लिखे हुए हैं। ये आदेशपत्र राजा के परोपकारी व्यवहार और कार्यों का प्रमाणपत्र है। अशोक के शिलालेखों पर ही शक राजा रुद्रदाम के खुदवाये अभिलेखों को देखा जा सकता है। रुद्रदाम ने 150 ई. में तथा स्कंदगुप्त ने 450 ई. में ये अभिलेख खुदवाये थे।

**अपरकोट किला :** माना जाता है कि इस किले का निर्माण यादवों ने द्वारिका आने पर करवाया था (जो कृष्ण भगवान से संबंधित थे)। अपरकोट की दीवारें किसी-किसी स्थान पर 20 मीटर तक ऊंची हैं। किले पर की गई नक्काशी अभी भी सुरक्षित अवस्था में है। इस किले में बहुत सी रूचिजनक और दर्शनीय वस्तुओं में पश्चिमी दीवार पर लगी दो तोपे हैं। इन तोपों का नाम नीलम और कांडल है। इन तोपों का निर्माण मिस्त्र में हुआ था। इस किले के चारों ओर 200 ईस्वीं पूर्व से 200 ईस्वी तक की बौद्ध गुफाएं हैं।

भारत के सबसे बड़े कद का हिरण, सांभर, चीतल, नीलगाय, चिंकारा और बारहसिंगा भी यहां देखा जा सकता है साथ ही यहां भालू और बड़ी पूंछ वाले लंगूर भी भारी मात्रा में पाए जाते है। कुछ ही लोग जानते होंगे कि गिर भारत का एक अच्छा पक्षी अभयारण्य भी है। यहां फलगी वाला बाज, कठफोडवा, एरीओल, जंगली मैना और पैराडाइज फलाईकेचर भी देखा जा सकता है। दर्शकों के लिए गिर वन्य अभयारण्य मध्य अक्टूबर महीने से लेकर मध्य जून तक खोला जाता है लेकिन मानसून के मौसम में इसे बन्द कर दिया जाता है।

**हवाई मार्ग :** जूनागढ़ से तकरीबन 40 किलोमीटर की दूरी पर केशोद और 113 किलोमीटर की दूरी पर पोरबन्दर एयरपोर्ट है। राजकोट भी हवाई मार्ग से इससे जुड़ा हुआ है। **रेल मार्ग :** जूनागढ़ रेलवे स्टेशन अहमदाबाद और राजकोट रेलवे लाईन पर पड़ता है। **सड़क मार्ग :** जूनागढ़ राजकोट से (102 किलोमीटर), पोरबंदर से (113 किलोमीटर) और अहमदाबाद से (327 किलोमीटर) की दूरी पर स्थित है। साथ ही यह वरावल से भी जुड़ा हुआ है।

# मेवाड़ क्षेत्र में पहली बार नई तकनीक से वैरिकोज वेन्स का सफल इलाज

**बिज़नेस रेमेडीज/उदयपुर**




राजस्थान के मेवाड़ क्षेत्र पारस अस्पताल उदयपुर में वैरिकोज वेन्स से पीड़ित 60 वर्षीय मरीज का सफलतापूर्वक इलाज किया गया। मरीज को पैर के दाहिने तरफ गंभीर दर्द, खुजली व सूजन की शिकायत थी। जांच करने पर सामने आया कि मरीज को वैरिकोज वेन्स की समस्या है। डॉ. अभिषेक व्यास, कंसल्टेंट, लेप्रोस्कोपिक जनरल एंड बेरिएट्रिक सर्जरी, पारस अस्पताल, उदयपुर ने वेनासील तकनीक की मदद से बगैर किसी कॉम्प्लिकेशन के वैरिकोज वेन्स से पीड़ित 60 वर्षीय मरीज का सफलतापूर्वक इलाज किया। वैरिकोज वेन्स बढ़ी हुई नसें होती हैं। कोई भी नसें वैरिकोज वेन्स हो सकती हैं, लेकिन सबसे अधिक प्रभावित नसें पैरों और पैरों के पंजों में होती हैं। इसका कारण यह है कि खड़े होने और घूमने से आपके निचले शरीर की नसों में दबाव बढ़ जाता है। वैरिकोज वेन्स आमतौर पर त्वचा की सतह के नीचे उभरती हुई नीली नसों के रूप में दिखती हैं। डॉ. अभिषेक व्यास, कंसल्टेंट, लेप्रोस्कोपिक जनरल एंड बेरिएट्रिक सर्जरी, पारस अस्पताल, उदयपुर, 60 वर्षीय महिला प्रभा शर्मा को दाहिने तरफ के पैर में दर्द, सूजन और खुजली की शिकायत थी। उनका कलर डॉपलर टेस्ट किया गया जिसमें सामने आया कि उन्हें वैरिकोज वेन्स की समस्या है। दरअसल, कलर डॉपलर टेस्ट से एक प्रकार की रंगीन इमेज प्राप्त होती है। ये रंग धमनियों, नसों और हृदय जैसे अंगों में रक्त के प्रवाह की गति और दिशा का पता लगाने में मदद करती हैं। कभी-कभी यह उम्र बढ़ने के कारण नसों में वाल्व टूट जाते हैं जो रक्त प्रवाह को नियंत्रित करने में मदद करते हैं और यह समस्या हो जाती है। इस प्रक्रिया में यह दिख रहा था की मरीज के पैर के वाल्व की सबसे लंबी नस काम नहीं कर रही है और खून रिस रहा है और टखने में रक्त का जमाव इसी कारण हो रहा है, इसी कारण यह समस्या थी। इसमें पैर या नस की तरफ धीरे-धीरे अल्सर भी हो सकता है और कभी कभी यह खुद भी फट जाता है जिस कारण गंभीर रक्तस्राव शुरू हो सकता है। हमने इसे ठीक करने के लिए कुछ नए तरीकों पर चर्चा की जिसमें से उनके परिजनों ने एक नवीनतम तकनीक को चुना, जिसमें हम इंजेक्शन के द्वारा लंबी नस में एक मेडिकल ग्लू लगाते हैं यह नस को ब्लॉक कर देता है और रक्त का बहना तुरंत बंद हो जाता है और इसमें कॉम्प्लिकेशन लगभग न के बराबर होती हैं।


## नीलकंठ रॉक-मिनरल्स लिमिटेड

CIN: L14219RJ1988PLC062162

पंजीकृत कार्यालयः फ्लैट नं. 606, योजना चोपासनी जागीर, खसरा नं. 175/74, प्लॉट नं. 15/16 जोधपुर, राजस्थान-342001

31 दिसम्बर,2022 को समाप्त तिमाही के गैरअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार

(रूपये लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 31.12.2022 (गैरअंकेक्षित) | समाप्त वर्तमान अवधि के लिए वर्ष दर वर्ष के आंकड़े 31.12.2022 (गैरअंकेक्षित) | पिछले वर्ष की समान समाप्त तिमाही 31.12.2021 (गैरअंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | परिचालनों से कुल आय | 0.04 | 0.13 | 3.55 |
| 2. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि), (कर, असाधारण और या असाधारण वस्तुओं से पहले) | -7.31 | -15.00 | -9.46 |
| 3. | अवधि के लिए कर से पहले शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और या असाधारण वस्तुओं के बाद) | -7.31 | -15.00 | -9.46 |
| 4. | अवधि के लिए कर के बाद शुद्ध लाभ / (हानि) (असाधारण और या असाधारण वस्तुओं के बाद) | -7.31 | -15.00 | -9.46 |
| 5. | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए (कर पश्चात) समावेशित लाभ/(हानि) और अन्य समावेशित आय (कर पश्चात) | -7.31 | -15.00 | -9.46 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 504.37 | 504.37 | 504.37 |
| 7. | आरक्षित निधि (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निधि को छोड़कर) जैसा कि पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित बैलेंस शीट में दिखाया गया है | | | |
| 8. | आय प्रति शेयर (रु. 10/- प्रति का अंकित मूल्य) (नियमित व अनियमित संचालन के लिएं) 1.मूल 2.तनुकृतः | 0.00 | 0.00 | 0.00 |

टिप्पणीः 1. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के साथ दायर तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com) पर उपलब्ध है।

निदेशक मंडल के आदेश से
नीलकंठ रॉक-मिनरल्स लिमिटेड के लिए
कृते/-
नोरतमल कंवर
प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 00464435

स्थानः जोधपुर
दिनांकः 14 फरवरी, 2023



## डिबॉक इंडस्ट्रीज लिमिटेड

(पूर्व नाम डिबॉक सेल्स एंड मार्केटिंग लिमिटेड)

CIN: L52190RJ2008PLC027160

पंजीकृत कार्यालय : 51, लोहिया कॉलोनी, 200 फुट बाई-पास, वैशाली नगर, जयपुर, राजस्थान-302021

ईमेलः cs@debockgroup.com, वेबसाइटः www.debockgroup.com

दूरभाषः 0141-2358654 । 2359184 । 2358161

### असाधारण आम बैठक की सूचना

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी के सदस्यों की असाधारण आम बैठक (''ईओजीएम'') मंगलवार, 9 मार्च, 2023 को अपराह्न 02:00 बजे (आईएसटी) 51, लोहिया कॉलोनी, 200 फुट बाई-पास, वैशाली नगर, जयपुर -302021 ईओजीएम की सूचना में निर्धारित व्यापार के लिए आयोजित की जाएगी।

सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है किः

1. कंपनी ने मंगलवार, 14 फरवरी, 2023 को अनुमति प्राप्त मोड के माध्यम से सदस्यों को ईओजीएम की सूचना का प्रेषण पूरा कर लिया है।
2. ईओजीएम की सूचना में बताए गए व्यवसायों को रिमोट ई-वोटिंग सिस्टम या ईओजीएम के समय लेन-देन किया जा सकता है।
3. रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से या ईओजीएम में मतदान की पात्रता निर्धारित करने की कट-ऑफ तिथि गुरूवार, 2 मार्च ,2023 होगी।
4. वे व्यक्ति जिनका नाम कट-ऑफ तिथि के अनुसार बनाए गए लाभकारी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज है, केवल वें ही ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने के हकदार होंगे।
5. ई-वोटिंग 6 मार्च,2023 (09:00 पूर्वाह्न आईएसटी) से शुरू होगी और 8 मार्च,2023 (शाम 05:00 बजे आईएसटी) को समाप्त होगी।
6. इसके बाद सीडीएसएल द्वारा रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल को निष्क्रिय कर दिया जाएगा।
7. कोई भी व्यक्ति जो शेयरों का अधिग्रहण करता है और नोटिस के प्रेषण के बाद कंपनी का सदस्य बन जाता है और कट-ऑफ तिथि यानी गुरूवार, 2 मार्च,2023 को शेयर रखता है, इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डालने के लिए www.evotingindia.com पर अनुरोध भेजकर लॉग-ईन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। हालांकि, यदि कोई व्यक्ति पहले से ही ई-वोटिंग के लिए सीडीएसएल के साथ पंजीकृत है तो मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग वोट डालने के लिए किया जा सकता है।
8. जिन सदस्यों ने बैठक से पहले ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है वे भी बैठक में शामिल हो सकते हैं लेकिन फिर से वोट डालने के हकदार नहीं होंगे।

निर्धारित अवधि के भीतर संवीक्षक रिपोर्ट के साथ घोषित परिणामों को कंपनी की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा और स्टॉक एक्सचेंज को भी सूचित किया जाएगा।

यदि आपके पास ई-वोटिंग के संबंध में कोई प्रश्न या समस्या है, तो आप सहायता अनुभाग के तहत www.evotingindia.com पर उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (''एफएक्यू'') और ई-वोटिंग मैनुअल का संदर्भ ले सकते हैं या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर एक ईमेल लिख सकते हैं। 022- 23058738 और 22-23058542-43 पर हैल्पडेस्क से भी संपर्क किया जा सकता है।

डिबॉक इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिए
(पूर्व नाम डिबॉक सेल्स एंड मार्केटिंग लिमिटेड)
कृते/-
मुकेश मनवीर सिंह
चेयरमैन और प्रबंध निदेशक
DIN: 01765408

दिनांकः 14 फरवरी,2023
स्थानः जयपुर


## 13वें वार्षिक जीएपीआईओ सम्मेलन में डॉक्टर्स ने हेल्थ के नवीनतम इनोवेशन का विवेचन किया

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** ग्लोबल एसोसिएशन ऑफ फिजिशियंस ऑफ इंडियन ओरिजिन (जीएपीआईओ) का 13वाँ सम्मेलन गाँधीनगर में आरम्भ हुआ। इस दो दिवसीय सम्मेलन में 500 से अधिक डॉक्टर्स ने हिस्सा लिया जो 57 देशों से यहाँ उपस्थित हुए जिनमें भारतीय मूल के डॉक्टर्स, जो यूएस, यूके और ऑस्ट्रेलिया में कार्यरत हैं, वे भी शामिल थे। इस सम्मेलन के अंतर्गत, सभी भाग लेने वाले स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सार्वजनिक स्वास्थ्य से संबंधित कई विषयों और स्वास्थ्य देखभाल के विभिन्न क्षेत्रों में नवीनतम इन्नोवेशंस पर विचार-विमर्श किया। इनमें कार्डियक साइंस, न्यूरोसाइंसेस, नेफ्रोलॉजी, ऑन्कोलॉजी, किडनी और लिवर ट्रांसप्लांट, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, न्यूट्रिशन और नर्सिंग जैसे विषय शामिल थे।

जीएपीआईओ के संस्थापक अध्यक्ष और अपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. प्रताप सी. रेड्डी ने कहा भारत और विदेशों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए भारतीय मूल के चिकित्सकों की भावना को पहचानने का हम प्रयास कर रहे हैं। दुनिया भर में उनके प्रशंसनीय प्रयासों और अग्रणी कार्यों ने हर भारतीय को गौरवान्वित किया है। पुरस्कार विजेताओं का अनुकरणीय कार्य दूसरों के लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल ने कहा भारत सफलतापूर्वक कोविड-19 महामारी की छाया से बाहर आ गया है, लेकिन गैर-संचारी रोग जैसे कैंसर, हृदय रोग और मधुमेह के बढ़ते बोझ के कारण स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में आगे बड़ी चुनौतियाँ आ गयी हैं। आगे का रास्ता, समाधान प्रदान करना है, जो किफायती भी हो और समाज के सभी वर्गों द्वारा इसका लाभ उठाया जा सके। इन समाधानों को साथ लाने और मानव जाति की सेवा करने में डॉक्टरों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और आगे भी रहेगी।


## KG PETROCHEM LIMITED

CIN : L24117RJ1980PLC001999

Regd. Office: C-171,Road No. 9J, VKI Area, Jaipur-302013, Rajasthan

E-mail: jproffice21@bhavik.biz; Website : www.kgpetro.in, Phone : 91-141-2331231

दिसम्बर 31, 2022 को समाप्त तिमाही और नौ महीने के लिए अलेखापरीक्षित एकल वित्तीय परिणाम

(रु. लाख में) प्रति शेयर आय को छोड़कर

| क्रमांक | विवरण | तिमाही समाप्त 31.12.2022 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30.09.2022 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 31.12.2021 अलेखापरीक्षित | नौ महीने समाप्त 31.12.2022 अलेखापरीक्षित | नौ महीने समाप्त 31.12.2021 अलेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31.03.2022 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुल परिचालन आय | 7,181.73 | 7,442.85 | 8,651.65 | 22,274.02 | 24,012.81 | 35,376.70 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर असाधारण और/या असामान्य वस्तुओ के पहले) | 705.71 | 223.76 | 362.09 | 1,606.77 | 2,654.67 | 2,313.97 |
| 3 | अवधि के लिए कर के पहले शुद्ध लाभ/ (हानि) (असाधारण और/या असामान्य वस्तुओ के बाद) | 705.71 | 223.76 | 362.09 | 1,606.77 | 2,654.67 | 2,313.97 |
| 4 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)(कर असाधारण और/या असामान्य वस्तुओ के बाद) | 549.45 | 123.46 | 231.99 | 1,111.56 | 1,938.75 | 1,743.71 |
| 5 | अवधि के लिए कुल आय | 549.45 | 123.46 | 231.99 | 1,111.56 | 1,938.75 | 1,745.33 |
| 6 | समता अंश पूंजी | 581.53 | 581.53 | 581.53 | 581.53 | 581.53 | 581.53 |
| 7 | रिजर्व (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | - | - | - | - | - | 11,470.62 |
| 8 | आय प्रति शेयर (रु. 10/- प्रति का अंकित मूल्य) मूल एवं तरल | 10.52 | 2.36 | 4.44 | 21.29 | 37.13 | 33.40 |

नोट: 1. उपरोक्त एकल वित्तीय परिणाम की ऑडिट समिति द्वारा समीक्षा की गई है और 13 फरवरी, 2023 को आयोजित उनकी संबंधित बैठक में कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है। 2. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक क्सचेंज में प्रस्तुत किये अलेखापरीक्षित तिमाही और नौ महीने समाप्त वित्तीय परिणामो के विस्तृत प्रारूप का सार हैं। वित्तीय परिणामो का सम्पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com तथा कंपनी की वेबसाइट www.kgpetro.in पर उपलब्ध है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते के जी पेट्रोकेम लिमिटेड
हस्ताक्षर / -
गौरी शंकर कंदोई, अध्यक्ष सह पूर्णकालिक निदेशक एवं अनुपालना अधिकारी
DIN: 00120330

स्थान: जयपुर
दिनांक: 13.02.2023



## Universal Autofoundry Limited

CIN: L27310RJ2009PLC030038

Registered Office - B-307, Road No. 16, VKI Area, Jaipur-302013

Email: support@ufindia.com, Website: www.ufindia.com

**Extract of Financial Results for the quarter ended December 31,2022**

| Particulars | Quarter Ended 31.12.2022 (Unaudited) | Quarter Ended 30.09.2022 (Unaudited) | Quarter Ended 31.12.2021 (Unaudited) | Nine Month Ended 31.12.2022 (Unaudited) | Nine Month Ended 31.12.2021 (Unaudited) | Year Ended 31.03.2022 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Total Income from operations | 5265.63 | 6241.03 | 3521.86 | 17628.10 | 12100.37 | 16308.08 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items#) | 492.77 | 283.72 | -295.91 | 1240.55 | -263.32 | (372.76) |
| Net Profit/(Loss) for the period before tax(after Exceptional and/or Extraordinary items#) | 492.77 | 283.72 | -295.91 | 1240.55 | -263.32 | (372.76) |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | 356.22 | 204.79 | -217.33 | 895.89 | -189.62 | (273.26) |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 360.38 | 206.40 | -216.21 | 903.27 | -186.28 | (268.81) |
| Equity Share Capital | 1013.75 | 1013.75 | 1013.75 | 1013.75 | 1013.75 | 1013.75 |
| Reserves | 2074.51 | 1714.13 | 1253.77 | 2074.51 | 1253.77 | 1171.24 |
| i) Earning per share (excluding other comprehensive income) (not annualised for quarter) : | | | | | | |
| Basic | 3.51 | 2.02 | -2.14 | 8.84 | -1.87 | (2.70) |
| Diluted | 3.51 | 2.02 | -2.14 | 8.84 | -1.87 | (2.70) |
| ii) Earning per share (including other comprehensive income) (not annualised for quarter) : | | | | | | |
| Basic | 3.55 | 2.04 | -2.13 | 8.91 | -1.84 | (2.65) |
| Diluted | 3.55 | 2.04 | -2.13 | 8.91 | -1.84 | (2.65) |

Note - 1. The above is an extract of detailed format of unaudited financial results for the quarter ended 31st December 2022, filled with the stock exchange under Regulation 33 of SEBI (Listing obligation and Disclosure Requirements) Regulations 2015. The detailed format of quarter ended 31st December, 2022 unaudited financials results are also available on the website of the stock exchange (www.bseindia.com) and website of the company (www.ufindia.com). 2. Previous Year's/period figures have been regrouped/reclassified/restated wherever necessary to confirm to classification of current period. 3. The above Un-audited Standalone Financials Results for the Quarter ended 31st December, 2022 have been prepared by the Company in accordance with Regulation 33 of the SEBI, (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 as amended and have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at their respective meeting held on February, 14, 2023.

As per our Report of even date
For Goverdhan Agarwal & Co.
Chartered Accountants
Sd/-
(MUKESH KUMAR GUPTA)
Partner
M.No. 410615
Date : 14.02.2023
Place : Jaipur

For and on behalf of the Board

Sd/-
(Kranti Kumar Bakiwala)
Director
DIN :00126013

Sd/-
(Vimal Chand Jain)
Chairman & Managing Director
DIN : 00295667



## SANGAM (INDIA) LIMITED

Value through values

CIN: L17118RJ1984PLC003173

EXTRACT OF UNAUDITED CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED 31st DECEMBER, 2022

(₹ in Lakhs)

| | Particulars | Quarter Ended 31.12.22 (Unaudited) | Quarter Ended 30.09.22 (Unaudited) | Quarter Ended 31.12.21 (Unaudited) | Nine Months Ended 31.12.22 (Unaudited) | Nine Months Ended 31.12.21 (Unaudited) | Financial Year Ended 31.03.22 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 60889 | 71241 | 65244 | 203930 | 170759 | 244490 |
| 2 | Net Profit/(Loss) before Exceptional & Extraordinary Items & tax | 2422 | 4327 | 4880 | 13257 | 11571 | 19638 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 1941 | 4006 | 4880 | 12455 | 11571 | 18409 |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 1755 | 3033 | 4374 | 10041 | 8650 | 13994 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/Loss for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after tax)] | 1787 | 3063 | 4536 | 10123 | 8908 | 14098 |
| 6 | Paid-up Equity Share Capital | 4505 | 4505 | 4342 | 4505 | 4342 | 4342 |
| 7 | Other Equity | | | | | | 64686 |
| 8 | Earning per share (not annualised) (before extraordinary items) (of ₹ 10/- each) Basic & Diluted (In ₹) | 5.08<br>4.98 | 7.69<br>7.54 | 10.07<br>10.07 | 24.63<br>24.14 | 19.92<br>19.92 | 35.06<br>34.87 |
| 9 | Earning per share (not annualised) (after extraordinary items) (of ₹ 10/- each) Basic & Diluted (In ₹) | 3.99<br>3.91 | 6.95<br>6.82 | 10.07<br>10.07 | 22.81<br>22.36 | 19.92<br>19.92 | 32.23<br>32.06 |

Note:

1. The above Unaudited Consolidated financial results for the quarter and nine months ended 31st December, 2022 were reviewed by the Audit Committee and thereafter were approved by the Board of Directors in their meeting held on 13th February, 2023.
2. The Company had issued during last reviewed quarter, 11,25,000 sweat equity shares for non cash consideration for past events from which the economic benefits are expected to flow to the company. The proportionate withholding tax for the current period on the expenses considered as employee cost on issue of the above sweat equity shares is considered as exceptional items.
3. The Company has planned expansion & modernization of its weaving and processing units situated at Village Atun, Chittorgarh Road, Bhilwara (Raj.) with a financial outlay of Rs. 10,800 lakhs, for which the financial closure has been made successfully with its bankers with a term loan of Rs 8,000 lakhs and the balance by internal accruals.
4. The figures of the previous period have been re-grouped / rearranged and / or recast wherever considered necessary.
5. As per regulation 47(b) of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 result on standalone basis for the quarter and nine months ended 31st December 2022 are given:

| Particulars | Quarter Ended 31.12.22 (Unaudited) | Quarter Ended 30.09.22 (Unaudited) | Quarter Ended 31.12.21 (Unaudited) | Nine Months Ended 31.12.22 (Unaudited) | Nine Months Ended 31.12.21 (Unaudited) | Financial Year Ended 31.03.22 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Revenue from Operations | 60889 | 71241 | 64876 | 203933 | 169935 | 244492 |
| Profit Before Tax | 2031 | 4005 | 4879 | 12540 | 11588 | 18437 |
| Profit after Tax | 1845 | 3031 | 4365 | 10126 | 8667 | 14093 |

6. The above is an extract of the detailed Consolidated Financial Result for the quarter and nine months ended 31st December, 2022 filed with the stock Exchanges under regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarterly Standalone and Consolidated financial results are available on the stock Exchanges websites at www.nseindia.com, www.bseindia.com and on the company's website www.sangamgroup.com.

For and on behalf of the Board of Directors
Sd/-
(R.P. Soni)
Chairman
DIN: 00401439

Date: February 13, 2023
Place: Bhilwara

Regd.Off. : Atun, Chittorgarh Road, Bhilwara-311001 (Raj.)
Phone: 01482-245400, Fax: 01482-245450
Web: www.sangamgroup.com, Email: secretarial@sangamgroup.com

Sangam SUITINGS YOU ARE WHAT YOU WEAR | SANGAM YARNS P/V DYED - GREY & COTTON | Sangam DENIMS YOU ARE WHAT YOU WEAR | C9 AIRWEAR

# हिमाचल प्रदेश में जियो ट्रू 5जी सेवाओं की शुरुआत, 257 शहरों में पहुंची सर्विस

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला में आयोजित एक कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश में जियो ट्रू 5जी सेवाओं की शुरुआत की। शिमला के अलावा, हिमाचल प्रदेश राज्य में हमीरपुर, नादौन और बिलासपुर में जियो ट्रू 5जी सेवाओं को एक साथ लॉन्च किया गया। जियो ट्रू 5जी के कवरेज एरिया में शामिल होने वाले अन्य शहर हैं- गुजरात के अंकलेश्वर और सावरकुंडला, मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा, रतलाम, रीवा और सागर, महाराष्ट्र के अकोला और परभणी, पंजाब के बठिंडा, खन्ना और मंडी गोबिंदगढ़, राजस्थान के भीलवाड़ा और श्री गंगानगर, सीकर और उत्तराखंड के हल्द्वानी-काठगोदाम, ऋषिकेश और रुद्रपुर।

लॉन्च कार्यक्र म में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा, कि मैं राज्य में जियो की ट्रू 5जी सेवाओं के लॉन्च पर जियो और हिमाचल प्रदेश के लोगों को बधाई देता हूं।

यह लॉन्च राज्य के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। 5जी सेवाएं छात्रों, व्यापारियों और पेशेवरों सहित प्रत्येक व्यक्ति के लिए ढेर सारे अवसर पैदा करेंगी। इससे पर्यटन, ई-गवर्नेंस, स्वास्थ्य सेवा, बागवानी, कृषि, ऑटोमेशन, शिक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, आपदा प्रबंधन, आईटी और मैन्युफैक्चरिंग आदि क्षेत्रों में भी मूलभूत परिवर्तन आएंगे। हम सभी ने महामारी के दौरान डिजिटल कनेक्टिविटी के लाभों को देखा है। 5जी सेवाओं के विस्तार से राज्य का डिजिटल ढांचा और मजबूत होगा।

लॉन्च पर जियो प्रवक्ता ने कहा कि जियो ट्रू 5जी विभिन्न क्षेत्रों में अनंत अवसर तो पैदा करेगा ही, राज्य के लोगों को भी डिजिटल रूप से सशक्त करेगा। डिजिटाइज करने के हमारे प्रयास में निरंतर सहयोग के लिए हम राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन की टीमों के आभारी हैं। 14 फरवरी 2023 से 21 शहरों में जियो उपयोगकर्ताओं को जियो वेलकम ऑफर के तहत आमंत्रित किया जाएगा और आमंत्रित यूजर्ज को बिना किसी अतिरिक्त लागत के 1 Gbps + स्पीड पर असीमित डेटा मिलेगा और इसके लिए उन्हें सिम बदलने की जरूरत नहीं होगी।

# CNG वर्जन में लॉन्च हो सकती है Maruti Suzuki की Fronx

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**



Maruti Suzuki ने ऑटो एक्सपो 2023 में Fronx को पेश किया था, जिसे इस साल अप्रैल में लॉन्च कर दिया जाएगा। अब ऐसी जानकारी भी सामने आ रही है कि निर्माता Fronx के सीएनजी मॉडल को भी पेश करने वाली है।

मारुति के अन्य मॉडल्स की तरह इसमें भी फैक्टरी-फिटेड सीएनजी किट के साथ 1.2 लीटर पेट्रोल इंजन दिया जाएगा, जो पेट्रोल मोड पर 90 bhp की पावर जेनरेट कर सकता है। वही सीएनजी मोड पर यह 77bhp की पावर और 98.5 Nm टॉर्क जेनरेट करने में सक्षम है। यह भी कहा जा रहा है सीएनजी वेरिएंट केवल Sigma, Delta and Delta+ में ही पेश किया जाएगा। बात फीचर्स की करें तो Fronx Delta में 7.0-इंच टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट, वायरलेस Apple CarPlay और Android Auto, स्मार्टप्ले प्रो इंफोटेनमेंट सिस्टम, वॉयस असिस्टेंट फीचर्स, ओवर-द-एयर अपडेट, 4-स्पीकर साउंड सिस्टम, इलेक्ट्रिकली एडजस्टेबल विंग जैसी सुविधाएं दी जाएंगी। इसकी लॉन्च को लेकर फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हुआ कि इसे सीएनजी मॉडल के साथ पेश किया जाएगा या नहीं। Fronx की कीमत 8 लाख -11 लाख रुपये के बीच होने की उम्मीद है, जबकि सीएनजी मॉडल की कीमत में एक लाख रुपए तक की बढ़ोतरी हो सकती है।

# राजेश टोयोटा शोरूम पर राजस्थान की प्रथम इनोवा हाईक्रोस की डिलीवरी दी

**बिज़नेस रेमेडीज/जयपुर**



टोंक रोड राजेश टोयोटा शोरूम से राजस्थान की प्रथम टोयोटा इनोवा हाईक्रोस पेट्रोल गाड़ी की डिलीवरी कुमार विकल्प को प्रदान की गई।

हाईक्रोस हाइब्रिड, इनोवा MPV का नया अवतार है जिसमे TNG 5th जनरेशन सेल्फ चाजजिंग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक इंजन लगा हुआ है। इसमें 201. 6 NIMH का बैटरी सिस्टम लगा हुआ है जिसपर 8 साल /160000 किमी. की वारंटी है। यह MPV एक मोनोकॉक चेसिस पर बनी हुई है और इसकी डिजाइनिंग TNGA - C प्लेटफार्म पर की गयी है। इस MPV के हाइब्रिड वैरिएंट का ARAI सत्यापित माइलेज 23.24 किमी प्रति लीटर है। यह MPV पेट्रोल वेरिएंट में भी उपलब्ध है जिसका ARAI सत्यापित माइलेज 16 .13 किमी प्रति लीटर है।

# 2023 होंडा सिटी मार्च अंत तक लॉन्च होने की उम्मीद

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**




2023 होंडा सिटी जल्द ही इंडियन मार्केट में लॉन्च होने के लिए तैयार है। रिपोर्ट्स की मानें तो यह कार मार्च के अंत तक लॉन्च हो सकती है।

जानकारी के अनुसार होंडा सिटी सेडान कंपनी की सबसे अधिक बिकने वाली गाड़ियों में से एक है। Honda City पेट्रोल हाइब्रिड को भी पिछले साल लॉन्च किया गया था, लेकिन इसकी कीमत लगभग 19.89 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) है। अपडेटेड होंडा सिटी तब संभावित रूप से एक पुल के रूप में काम करती थी।

**होंडा सिटी में हो सकते हैं ये खास बदलाव :** रिपोर्ट्स की मानें तो 2023 होंडा सिटी का पिछला हिस्सा नए स्टाइल वाले रियर बंपर के साथ आएगा। उम्मीद की जा रही है कि 2023 Honda City फेसलिफ्ट में केबिन के अंदर कुछ बदलाव होंगे। इसमें थोड़ा बदला हुआ बम्पर, बड़े पैमाने पर एयर डैम और अपडेटेड फॉग लैंप असेंबली भी मिल सकती है।

इंटीरियर की बात करें तो, इसके इंटीरियर लेआउट में कोई बदलाव किए जाने की उम्मीद नहीं है। हालांकि, सेडान में वायरलेस चार्जर और वेंटिलेटेड सीटें हो सकती हैं। दरवाजे के किनारों के आसपास साइड स्कर्ट भी मिलने की उम्मीद है। नए मॉडल में वायरलेस कनेक्टिविटी के साथ एक संशोधित इंफोटेनमेंट सिस्टम और नई कनेक्टेड कार तकनीक मिलने की संभावनाएं हैं।



# नादिर गोदरेज को 'वर्ष के सबसे सम्मानित भारतीय उद्योगपति' का सम्मान दिया गया

**बिज़नेस रेमेडीज**



नादिर गोदरेज को हुरुन इंडिया द्वारा 'वर्ष के सबसे सम्मानित भारतीय उद्योगपति' (मोस्ट रेस्पेक्टेड इंडियन इंडस्ट्रियलिस्ट ऑफ द ईयर) अवार्ड से सम्मानित किया गया। व्यवसाय के माध्यम से भारत के लिए नवीन उत्पाद और समाधान पेश करके देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। हुरुन इंडिया का वार्षिक 'मोस्ट रेस्पेक्टेड एंट्रेप्रिन्योर्स डिनर' भारतीय व्यापार जगत से जुड़ विभिन्न पीढ़ियों और अवधियों के समान सोच वाले उद्यमियों और लीडर्स के विचारों के वैविध्य के संगम के सांध्य-जश्न के रूप में आयोजित किया गया था। भारत के कुछ प्रमुख उद्यमियों द्वारा इंडिया इंक में उनकी यात्रा और योगदान की खुशी मनाई गई और सम्मान समारोह के जरिए इसे उजागर किया गया।

गोदरेज ने इस सम्मान की सराहना करते हुए कहा कि हुरुन इंडिया से यह प्रतिष्ठित सम्मान पाना वास्तव में गौरव की बात है। मेरा मानना है कि गोदरेज का यह सौभाग्य रहा है कि हम अपने अभिनव उत्पादों और समाधानों के जरिए अपने देश की सेवा करते हुए हमारे राष्ट्र के विकास में योगदान दे रहे हैं। देश को वेक्टर जनित बीमारियों से बचाने या स्थायित्वपूर्ण जीवन प्रदान करने के लिए कृषि-समाधान प्रदान करने से लेकर, समूह के विभिन्न व्यवसायों ने लगातार खुद को भारत की आकांक्षाओं के साथ जोड़ा है। दशकों से हमारा काम भारत के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को प्रकट करता है और हम अपने राष्ट्र के लिए सर्वश्रेष्ठ लाने में मदद करने हेतु हरदम कुछ नया करने के लिए अपना प्रयास जारी रखेंगे। मैं इस सम्मान के लिए भारत के अपने 750 मिलियन से अधिक उपभोक्ताओं, गोदरेज के अपने सहयोगियों और हुरुन इंडिया को धन्यवाद देना चाहता हूं।

# एयर इंडिया ने मुंबई और न्यूयॉर्क के बीच अपनी नॉन-स्टॉप सेवा फिर से शुरू की

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**

एयर इंडिया ने 14 फरवरी, 2023 से मुंबई और न्यूयॉर्क के जेएफके हवाई अड्डे के बीच अपनी नॉन-स्टॉप सेवा को फिर से शुरू करने का एलान किया है। इस उडान की बहाली के साथ एयर इंडिया ने अपनी वैश्विक पहुंच का विस्तार करने की दिशा में एक कदम आगे और बढ़ा दिया है।

इस उड़ान को 2019 की शुरुआत में निलंबित कर दिया गया था। इस उड़ान की बहाली के साथ ही मुंबई से यूएसए के लिए एयर इंडिया की यह तीसरी नॉन-स्टॉप सेवा हो जाएगी। साथ ही यह फ्लाइट नेवार्क और सैन फ्रांसिस्को (एएफओ) की जॉइनिंग उड़ानों में शामिल हो जाएगी। यह बहाली दिल्ली के बाद दूसरे स्थान पर मुंबई को एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए एयरलाइन के ठोस प्रयास के अनुरूप है, जो भारत और शेष विश्व के बीच अधिकतम अंतरराष्ट्रीय संपर्क प्रदान करता है। एयर इंडिया के बेड़े में हाल ही शामिल किए गए बोइंग 777-200एलआर विमान के साथ यह उड़ान दैनिक रूप से संचालित होगी और एयर इंडिया की भारत-यूएस फ्रीक्वेंसी को प्रति सप्ताह 47 नॉन-स्टॉप उ?ानों तक ले जाएगी। वर्तमान में, एयर इंडिया मुंबई से सैन फ्रांसिस्को और नेवार्क, दिल्ली से न्यूयॉर्क, नेवार्क, वाशिंगटन डीसी, सैन फ्रांसिस्को और शिकागो और बेंगलुरु से सैन फ्रांसिस्को के लिए नॉन-स्टॉप उड़ानें संचालित करती है।

मुंबई से न्यूयॉर्क के लिए पहली उड़ान एआई 119 मुंबई से 00.55 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 06.55 बजे न्यूयॉर्क पहुंचेगी। वापसी की उड़ान एआई 116 न्यूयॉर्क से 10.55 बजे प्रस्थान करेगी और 11.35 बजे.1 दिन मुंबई पहुंचेगी। कैंपबेल विल्सन, सीईओ और एमडी, एयर इंडिया ने कहा, कि एयर इंडिया के विहान.एआई परिवर्तन के तहत हम देश के प्रमुख शहरों और प्रमुख वैश्विक गंतव्यों के बीच कनेक्टिविटी में काफी सुधार कर रहे हैं। दिसंबर में मुंबई से सैन फ्रांसिस्को के लिए नॉन-स्टॉप उड़ानें शुरू करने के बाद मुंबई से न्यूयॉर्क जेएफके के लिए इस नई सेवा को जोड़ना, भारत की वाणिज्यिक राजधानी में एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय हब विकसित करने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

# 'डिजिटल कर्ज 2030 तक असुरक्षित कर्ज श्रेणी में पारंपरिक कर्ज को पार कर जाएगा'

**बिज़नेस रेमेडीज/मुंबई**

फिनटेक क्रांति से भारत में डिजिटल ऋण देने की संभावना है, जिसके 2030 तक ऋण देने के पारंपरिक तरीकों को पार करने की उम्मीद है। डिजिटल लेंडिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (डीएलएआई) के सहयोग से एक्सपीरियन इंडिया द्वारा नवीनतम श्वेत पत्र फिनटेक लीड डिजिटल लेंडिंगः कमिंग ऑफ एज के अनुसार यह असुरक्षित छोटी राशि के कर्ज के खंड और सुरक्षित गिरवी-आधारित उच्च-राशि के कर्ज आकार के बाजार में गहरी पैठ बना सकता है।

एक्सपीरियन इंडिया ने कर्ज अंतर को कम करने में फिनटेक के नेतृत्व वाले डिजिटल कर्ज की भूमिका का विश्लेषण किया, जो कर्ज की पहुंच और वित्तीय समावेशन को संचालित करता है। यह शोध 2030 तक डिजिटल कर्ज परिदृश्य पर प्रमुख अनुमान व्यक्त करता है, जिसमें डिजिटल लेंडिंग उद्योग, प्रमुख हितधारकों और नियामकों सहित डिजिटल लेंडिंग इकोसिस्टम में मूल्यवान निष्कर्ष उपलब्ध कराए गए हैं। चूंकि सह-ऋण भारत में प्रमुख परिचालन मॉडल बनता जा रहा है, इसलिए अधिक पारंपरिक ऋणदाता परिपक्वता के उच्च स्तर तक पहुंचने और मुख्य दक्षताओं के समामेलन के लिए फिनटेक के साथ सहयोग करेंगे।

फिनटेक उद्योग द्वारा शुरू किए गए परिवर्तनकारी बदलाओं पर गहराई से विचार करते हुए, फिनटेक लीड डिजिटल लेंडिंगः कमिंग ऑफ एज चर्चा की गई है कि कैसे डिजिटल कर्ज ने कर्ज के आवेदन के लिए लगने वाले समय को कम करके एक बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान किया है। शोध में पाया गया कि फिनटेक ने कर्ज आपूर्ति में भौगोलिक असमानताओं को कम करने में काफी मदद की है।

प्रमुख निष्कर्षों पर टिप्पणी करते हुए, एक्सपीरियन क्रेडिट इंफॉर्मेशन कंपनी ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक, साईकृष्णन श्रीनिवासन कहते हैं कि हमारा शोध इस बात पर ध्यान देता है कि कैसे फिनटेक-संचालित डिजिटल ऋण भारत में कर्ज अंतर को पाटने में मदद कर सकता है। बढ़े हुए डिजिटलीकरण के साथ, यह खंड फिनटेक उधारदाताओं के लिए सुलभ हो सकता है, जिससे उन्हें ऋण देने वाले बाजार के एक बड़े हिस्से पर कब्जा करने में मदद मिल सकती है। एक्सपीरियन में, हम क्रेडिट इकोसिस्टम को मजबूत करने और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

सिद्धार्थ महनोत, चेयरपर्सन - नॉलेज कमेटी, डीएलएआई, कहते हैं कि इस श्वेतपत्र के जारी होने के साथ, हम भारत में फिनटेक के नेतृत्व वाले डिजिटल ऋण के प्रभाव पर एक व्यापक नज़र डालने के लिए उत्साहित हैं। यह रिपोर्ट डिजिटल कर्ज इकोसिस्टम के प्रभाव का आकलन करने के लिए एक्सपीरियन के साथ हमारे संयुक्त प्रयासों का प्रतिनिधित्व करती है। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय ऋण बाजार में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं, और निकट भविष्य में इस प्रवृत्ति में और तेजी आने की संभावना है। अनुसंधान में इस बात को उजागर किया गया है कि अगले 100 मिलियन ग्राहकों के पास वर्तमान में मौजूद लोगों की तुलना में बहुत अलग प्रोफ़ाइल और अपेक्षाएं होने की संभावना है। जबकि डिजिटल उधारदाताओं ने क्रेडिट निर्णय लेने की प्रक्रिया को स्वचालित करने और ऑनबोर्डिंग अनुभव को बढ़ाने के लिए अच्छी प्रतिक्रिया दी है, विकसित परिदृश्य फिनटेक कंपनियों को विकास की अगली लहर में चुनौती देगा। व्यवसाय के लिए कर्ज चाहने वाले एमएसएमई उधारकर्ताओं के लिए, 700 से अधिक क्रेडिट स्कोर वाले लोगों को अन्य उधारदाताओं की तुलना में फिनटेक द्वारा अधिक पूरा किया जाता है, जिससे सह-उधार मॉडल के फलने-फूलने का मार्ग प्रशस्त होता है।

श्वेत पत्र फिनटेक क्षेत्र के लिए प्रमुख सिफारिशें और मार्गदर्शन प्रदान करता है और अनुमान व्ययक्त करता है कि भविष्य के प्रमुख खिलाड़ी वे होंगे जो समग्र तरीके से बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए एनालिटिक्स और प्रौद्योगिकी की शक्ति का उपयोग करने में सक्षम होंगे। उदाहरण के लिए, स्वतंत्र डेटा का दायरा व्यापक हो जाएगा, जिससे पारंपरिक उधारदाताओं के साथ फिनटेक के लिए एक समान अवसर का निर्माण होगा। इसी तरह, बड़े प्रौद्योगिकी संगठन भी बड़ी भूमिका निभाएंगे। हालांकि, चूंकि फिनटेक कर्ज की मांग को पूरा करने के लिए व्यवस्थित रूप से महत्वपूर्ण हो जाते हैं, इसलिए उनके अधिक विनियामक पर्यवेक्षण के तहत आने की संभावना है, और अनुपालन, साइबर सुरक्षा और अन्य व्यावसायिक महत्वपूर्ण कार्यों में काफी अधिक निवेश की आवश्यकता है। फिनटेक को टिकाऊ विकास के लिए व्यापक अनुकूलन पर भी ध्यान देने की आवश्यकता होगी। इस संबंध में, पोर्टफोलियो की निगरानी और क्रॉस-सेलिंग का बहुत महत्व होगा।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक पुनीत जैन द्वारा 63/118, हीरा पथ, मानसरोवर, जयपुर से प्रकाशित एवं आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स सेक्टर नं.11, अग्रवाल फार्म मानसरोवर जयपुर-302020 जयपुर से मुद्रित। संपादक : पुनीत जैन मो. 9929106227, *समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। आर.एन.आई नं.: RAJHIN/2013/54166, पोस्टल रजि. नं. जयपुर सिटी/006/2021-23, E-Mail: remediesbusiness@gmail.com, businessremedies@yahoo.com